


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना | वर्ष-14, अंक -72 जबलपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 | कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 | संपादक अरुण श्रीवास्तव


पीएम मोदी ने कांग्रेस को बताया संविधान की भक्षक- वक्फ बिल विरोध सिर्फ गुमराह करने के लिए-बाबा साहेब अंबेडकर का कभी नहीं किया सम्मान

## गरीबों से होने वाली लूट वक्फ कानून के बाद होगी बंद

हिसार (हरियाणा)(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने हिसार से अयोध्या के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाई और हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी।

यहां आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। साथ ही पीएम मोदी ने वक्फ कानून पर विपक्ष के रुख पर भी हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने 2013 में वोट बैंक के लिए वक्फ कानून में बदलाव किया था। तब कांग्रेस ने वोट पाने के लिए ऐसा किया, जबकि अब हमने व्यवस्था की है कि गरीबों को उनका हक मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के हिसार में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने पहुंचे हैं जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक का वायरस फैला रही है। वक्फ कानून पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की देन है जिसे मुसलमान का नुकसान हुआ था। वक्त कानून के नाम



पर गरीबों से लूट की गई जो अब नए कानून के जरिए बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा है कि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही एससी और एसटी समुदाय पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी और हिसार से अयोध्या के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई, जो हरियाणा के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। वाणिज्यिक उड़ानें शुरू में हिसार और अयोध्या के बीच सप्ताह में दो बार और जम्मू, अहमदाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में तीन बार संचालित होंगी। यह उद्घाटन अंबेडकर जयंती के अवसर पर हुआ और यह विकास पहलों के व्यापक सेट का हिस्सा है जिसका अनावरण प्रधानमंत्री राज्य की अपनी यात्रा के दौरान कर रहे हैं। हिसार एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब भाजपा ने मुझे हरियाणा का दायित्व सौंपा तो मैंने अपने कई साथियों के साथ मिलकर यहां काम किया।

## गुना में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पुलिस ने खदेड़ा...

### हमलावरों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग



गुना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के गुना में हनुमान जन्मोत्सव के दिन निकली शोभायात्रा पर हमले के मामले में आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की। इन्होंने मांग की है कि पत्थर मारने वाले सभी अपराधियों को जल्दी गिरफ्तार किया जाए और इनके घरों पर बुलडोजर चलाए जाएं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कर्नलगंज में दोबारा घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद वे वापस कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान शनिवार शाम कर्नलगंज मस्जिद के सामने किए गए पथराव के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। उपद्रव की घटना में फायरिंग किए जाने का भी जिक्र किया गया है। पुलिस ने स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश उर्फ गब्बर कुशवाह की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। इसमें पिस्तौल से गोली चलाने का भी जिक्र है। कस्बे में भारी पुलिस बल तैनात है। कुशवाह ने अपनी शिकायत में कहा है कि डीजे हटाने को लेकर हुए झगड़े के दौरान आमीन पठान ने थार गाड़ी चला रहे रजत ग्वाल पर पिस्तौल से फायर किया। गोली रजत के कान के पास से होकर गुजरी। उसके बाद रजत पर लाठी डंडों से हमला किया गया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। शोभायात्रा में शामिल अन्य लोगों को भी लाठी, पत्थरों से मारा गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने विक्की खान, आमीन खान, गुड्डू खान और तौफीक खान और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ घातक हथियारों के साथ दंगा, हत्या के प्रयास, गाली-गलौज, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, गैर कानूनी भीड़ का हिस्सा होने और मारपीट कर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। वीडियो फुटेज से पहचाने गए उपद्रवियों के यहां दबिश देकर नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सलमान खान को फिर धमकी, कहा- घर में घुसकर मारेंगे, गाड़ी को बम से उड़ा देंगे

मुंबई. (आरएनएस)। अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है. वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात अज्ञात शख्स ने कही है. अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है. वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही है. परिवहन विभाग के नंबर पर भेजे गए मैसेज में सलमान की गाड़ी को बम से उड़ाने के अलावा घर में घुसकर जान से मारने की धमकी भी दी गई है.वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. धमकी देने वाले की मंशा क्या है और वह किस गिरोह का है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है. गौरतलब है कि सलमान खान को पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है. बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया था कि उनकी हिट लिस्ट में सलमान खान भी थे. लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर्स मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर कई बार रेकी कर चुके थे. हालांकि, कड़ी सुरक्षा की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहे और सलमान पर हमला करने की अपनी योजना विफल रही. पिछले साल अप्रैल में सलमान खान के घर 5 राउंड फायरिंग की गई थी, जिसके कुछ महीने बाद सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या भी कर दी गई थी. लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है.



## एंबुलेंस नहीं मिली तो कबाड़ गाड़ी पर लाए

रायबरेली। रायबरेली जिले से उड्डारप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली सामने आई है। एंबुलेंस न मिलने के कारण 11 साल के बच्चे को अपने घायल बड़े भाई को कबाड़ खींचने वाली गाड़ी पर लाद कर अस्पताल ले जाना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह घटना हसनपुर गांव की है। यहां 10 साल का लड़का दीवार से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा मेहुल चौकसी, बेल्जियम में हुआ गिरफ्तार



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चौकसी बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चौकसी 12 अप्रैल को एक अस्पताल में अरेस्ट हुआ है। रिपोर्ट की मान्य तो विमल चौक से की गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसी के अनुरोध पर की गई है। एनफोर्समेंट डिपार्मेंट और सीबीआई ने मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण की कोशिश की है। हालांकि कुछ दिनों से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। चौकसी को भारत लाने की कोशिश अब जल्द से शुरू होगी। लाल की बचने के लिए मैं हूं चौकसी अभी बेल्जियम की अदालत में कानून सहारा ले सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में कुछ इस समय लग सकता है। जानकारी के मुताबिक सितंबर 2024 में मेहुल चौकसी की प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम से भारत सरकार ने अनुरोध किया था। मेहुल चौकसी की वकीलों ने उसे समय कहा था कि उनकी मूवी वकील की तबीयत ठीक नहीं है और वह ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं।

## जूते से निकला 6 करोड़ का सोना

मुंबई। छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए यात्री के जूतों से 6.× करोड़ रुपए का सोना बरामद किया गया। राजस्व विभाग की खुफिया विंग ने यात्री और सोने के भारतीय खरीदार को गिरफ्तार कर लिया है। सोने की तस्करी करने वाले सिंडीकेट का भी पता लगाया गया है। कई बड़े तस्करों की तलाश की जा रही है।

तेलंगाना में एससी श्रेणीकरण कानून अंबेडकर जयंती से लागू, दशकों पुरानी मांग हुई पूरी

## अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना



तेलंगाना- (आरएनएस)। आदेश में कहा गया है कि तेलंगाना विधानमंडल के निम्नलिखित अधिनियम को 8 अप्रैल 2025 को तेलंगाना के राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और उक्त स्वीकृति को सर्वप्रथम 14 अप्रैल 2025 को तेलंगाना राजपत्र में सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। अनुसूचित जाति के वर्गीकरण पर सरकारी आदेश जारी होने का दिन भारतीय संविधान के निर्माता अंबेडकर की जयंती के साथ मेल खाता है। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जाति समुदायों को उनकी सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक स्थिति के आधार पर तीन समूहों में विभाजित किया गया है- देश में पहली बार तेलंगाना ने अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण के कार्यान्वयन पर सोमवार को एक सरकारी आदेश जारी किया, सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की। राज्य सरकार ने पहले एससी वर्गीकरण पर सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शमीम अख्तर के नेतृत्व में एक आयोग नियुक्त किया था, जिसने सिफारिशें की थीं कि 59 अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कुल 15 प्रतिशत आरक्षण के लिएजैसे तीन समूहों में विभाजित किया जाना चाहिए।


## जैन मुनियों पर बदमाशों ने किया लाठियों से हमला, घटना से भड़का आक्रोश, नगर बंद, पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

नीमच (आरएनएस)। एमपी के नीमच स्थित सिंगोली क्षेत्र में 6 बदमाशों ने तीन जैन मुनियों पर देर रात उस वक्त हमला कर दिया। जब वे हनुमान मंदिर में रुके थे। हमलावर रात को लूट के इरादे से लाठी व धारदार हथियार लेकर पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके से ही पकड़ लिया। घटना के बाद जैन समाज के लोग आक्रोशित हो गए, जिन्होने नगर बंद कर प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाल दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जैन संत शैलेष मुनि जी, बलभद्र मुनि जी व मुनींद्र मुनि जी महाराज विहार पर हैं। वे सिंगोली से नीमच जाने के लिए निकले। रात को वे कछाला गांव के पास हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके गए। इस दौरान तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। पहले उन्होंने मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उन्हें जैन मुनि



मंदिर में दिखे तो पास जाकर उनसे रुपए रुपए मांगने लगे। जब मुनियों ने मना कियाए तो हमला कर दिया। जान बचाने के लिए एक जैन मुनि सड़क की ओर भागे। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार से मदद मांगी। उससे समाज के लोगों को फोन करने के लिए कहा। बाइक सवार ने जैन समाज के कुछ लोगों को फोन किया। खबर मिलते ही कछाला गांव के लोग पहुंच गए, लोगों को आते देख बदमाश भागे, इनमें से दो को लोगों ने पकड़ लिया। कुछ पल बाद पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। जिन्होने पहले तो हमले में घायल मुनियों ने अस्पताल ले जाने की बात कही लेकिन उन्होने इनकार कर दिया, इसके बाद सभी को जैन स्थानक भवन में रखा गया है। जैन मुनियों पर हमले की खबर आग की तरह फैल गई। देखतते ही देखते लोग एकत्र हो गए, जिन्होने घटना पर आक्रोश व्यक्त किया, यहां तक कि सिंगोली नगर बंद रखा गया। शाम को जैन समाज ने मौन जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। वही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 6 आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करते हुए बंदी बना लिया है। पकड़े गए आरोपी राजस्थान के चित्तौडगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला। इस दौरान जैन समाज के लोग भी पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए नारेबाजी की।

## लखनऊ में पूरन के छक्के से फैन का सिर फूटा



लखनऊ। आइपीएल का 26वां मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ ने गुजरात को 6 विकेट से हराया। मैच के दौरान लखनऊ के निकोलस पूरन के छक्के से एक दर्शक का सिर फट गया। चोट इतनी गहरी थी कि काफी खून बह गया। उसे एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सपा कार्यकर्ता पोस्टर लेकर इकाना स्टेडियम में पहुंचे और पोस्टर पर लिखा था- थैंक्यू अखिलेश भैया फॉर गिविंग

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

## रेल भवन में याद किए गए बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर





नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री वैष्णव ने बौद्ध धर्म गुरुओं से सशक्त भारत के निर्माण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बौद्ध धर्म गुरुओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ श्री सतीश कुमार तथा रेलवे बोर्ड के दूसरे सदस्यों ने भी संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।




## बाबासाहेब की जयंती पर रेलवे ने दिया उपहार, डॉ अंबेडकर नगर से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

नई दिल्ली-(आरएनएस)। देश में रेल संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार 13 अप्रैल 2025 को नई रेलगाड़ी डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन, जो मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों को भारत की राजधानी नई दिल्ली से सीधे जुड़ने की सौगात मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष, लोकसभा ओम बिरला द्वारा रविवार 13 अप्रैल 2025 को डॉ. अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नई ट्रेन डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया, सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार उपस्थित रहे। इनके अलावा कोटा एवं डॉ. अम्बेडकर नगर शहर के अन्य सांसदों/विधायकों और शहरों के गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूहों के रूप में मौजूद रहते हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक एवं डॉ.अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेल के रतलाम मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक सहित दोनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। समझ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में रेलवे की दिशा और दशा दोनों बदली है। अब रेलवे केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि भारत के विकास का इंजन बन चुकी है। वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें भारत की गति, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की प्रतीक हैं। स्पीकर बिरला ने कहा कि यह केवल एक ट्रेन की शुरुआत नहीं, बल्कि विकास, संपर्क और सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बाबा साहेब की जन्मस्थली तक यह सीधी रेल सेवा उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। यह ट्रेन कोटा को दिल्ली, इंदौर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ेगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, तीर्थाटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 2028 में उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ कुंभ के दौरान यह सेवा हाड़ौती के श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। समारोह में रेल मंत्री ने कहा कि आज रेलवे के लिए बड़ा ऐतिहासिक दिन है, हमारे भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी जन्मस्थली 'महू' से एक नई ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। इससे महाकाल की नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ के श्रद्धालुओं और इसके आस-पड़ोस के इलाकों में रहने वाले यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा विकल्प प्राप्त होने की आशा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों को अभूतपूर्व रेल बजट राशि आवंटित कि गई है जिससे रेलवे की परियोजनाओं को नई गति मिल रही है। इन परियोजनाओं के चलते रेलवे को नई रफ्तार मिली एवं विकास की ओर अग्रसर हुआ है। इस नई ट्रेन की शुरुआत से कोटा की शिक्षा और उद्योग नगरी के लिए बहुत बड़ी सौगात साबित होगी। राजस्थान और मध्य प्रदेश के पर्यटन/दर्शनीय स्थलों को बढ़ावा देने एवं यात्री सुविधाओं तथा सुगम आवागमन के उद्देश्य से रेलवे द्वारा नई ट्रेन की सौगात के रूप में डॉ. अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में नेबा चौधरी उम्र 45 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह झाड़ू बनाकर बेचता है रात लगभग 8 बजे अपने घर पर था बड़ा लड़का राकेश एवं मंझला लड़का मनीष दोनों उससे प्लाट में हिस्सा हक मांगने लगे एवं प्लाट अपने नाम कराने को कहने लगे, उसने मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे एवं उसे उठाकर पटक दिया जिससे हाथ, पसली में चोट आयी मारपीट कर दोनों लड़के उसे जान से मारने की धमकी दिये।

भाजपा जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में हुए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती के कार्यक्रम-वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों ने अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

# भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर के योगदान से ही विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना भारत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए नमन किया। जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, सांसद श्री आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक श्री अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुंज विज के साथ पार्टी पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

इस अवसर पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा सभी 967 बूथों में बाबा साहब की जन्म जयंती मनाई गई जिसमे वरिष्ठ जनों ने उपस्थित होकर बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और संविधान की प्रस्तवाना का वाचन किया।

जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है।

श्री सोनकर ने कहा बाबा साहब ने समाज को नारा दिया था शिक्षित हो, संगठित बनो और संघर्ष करो। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बाबा साहब के बनाए संविधान के आधार पर देश की सेवा करने के साथ बाबा साहब के सपने को साकार कर रहे हैं।

इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, कमलेश अग्रवाल, जय सचदेवा, कैलाश साहू, लालू यादव, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, योगेंद्र राजपुत , शिवा चौधरी, रूपा राव, सोनू बचवानी, प्रमोद चोहटेल, संतोष झरिया, राम सोनकर, गंगा प्रजापति, रवि शर्मा, योगेश लोखंडे, अमित राय, ऋषि सोनकर, के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सामाजिक समरसता की प्रेरणा देने वाले बाबा साहब को आज केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

## भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज सुधारक के लिए भी हमेशा जाने जायेगें - अशोक ईश्वरदास रोहाणी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय संविधान के रचयिता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जन्म दिवस पर आज केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बड़ा पत्थर स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी का जन्म दिवस अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने उपस्थित जनसमुदायों को संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार के साथ-साथ समाज सुधारक के लिए भी हमेशा जाने जायेगें। उन्होंने समाज के हर वर्गो के लिए जो उत्थान की बात संविधान में उल्लेखित किया, जिससे समाज के सभी वर्गो को उसका लाभ मिल रहा है। वे सामाजिक समरसता का भी समाज में समागम करने वाले नायक हैं और हमेशा इसके लिए भी याद किये जायेगें। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, पार्षद निशांत झरिया, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर तथा दशरथ पटेल, कैलाश रजक, हेमराज सराठे, सुधीर बैन, बंटी शोभित, आनंद, हैप्पी सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिस धर्म में पैदा हुआ मेरे बस में नहीं थ़ा,परंतु मैं अपना शरीर अपनी मर्जी के धर्म में त्याग करूंगा-शरद यादव विचार मंच



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ,आज शरद यादव विचार मंच के द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस तहसीली चौक, हाइकोर्ट पर मनाया गया सबसे पहले उनकी मूर्ति पर माल्या अर्पण कर उनको याद किया गया इस अवसर पर शरद यादव विचार मंच के अध्यक्ष समाजवादी राम रतन यादव ने अपने विचार में यह बताया की बाबा साहब ने कहा था कि मैं एक अछूत हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं लेकिन मैं एक हिंदू के रूप हरगिज नहीं मरूंगा। डॉक्टर अंबेडकर ने ऐसे धर्म को चुना जिसमें मनुष्य और नैतिकता हो उसमें स्वतंत्रता समता तथा बंधुत्व जो धर्म तार्किक दार्शनिक और नैतिक हो विज्ञान अथवा बौद्धिक तत्व पर आधारित हो। उन्होंने जीवन पर्यंत समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करते रहें।आज उनके जन्म दिन पर तहसील चौक पर मंच के रामरतन यादव बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव,एडवोकेट सुधीर शर्मा, सरमन रजक,एडवोकेट अनुराग सिंह एडवोकेट , रामकुमार पटेल, सीताराम पटेल, भगवानदास पटेल,नरेश चक्रवर्ती , प्रमोद सेन ,राजेश पराग, डॉ मुस्ताक मंसूरी, धर्मेंद्र कुशवाहा उपस्थित रहे।

## अजाक्स संघ ने मनाया बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का 134वी जयंती पर छापा चित्र एवं प्रसाद वितरण किया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स जिला जबलपुर के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134वीं जन्म दिवस के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश अजाक्स संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सोनकर जी के नेतृत्व में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रांतीय निर्देशानुसार 1000 प्रतिया बाबा साहब के छायाचित्र की वितरण के साथ-साथ 51 किलो वेज पुलाव का वितरण कर संबोधन में बाबा साहब का नारा अधिकार के लिए संघर्ष, संघर्ष के लिए एकता, एकता के लिए संगठन व व्यक्ति को अधिकार के शिक्षा ही सबसे जरूरी है।सभी देशवासियों शहर वासियों सदस्यों को बधाइयां प्रेषित की। इस अवसर पर अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, राकेश समुन्दे,इंजी.रामानुज विश्वकर्मा,इंजी.विजय सिंह , डॉ निषेश चौधरी, डॉ उपेन्द्र धुर्वे, धर्मेंद्र कुकरेले, कोमल कोरचे, सुभाष खंडारे,शिव कुमार पटारिया, टी .आर.चौधरी,ऐबू डेविड,शेख लाल आर्मो महेंद्र चौधरी, सुखदेव झारिया, राजू मस्के, सुजीत खटीक, कृष्ण कुमार मरावी,ओमप्रकाश चौधरी, हरीश रैकवार, सुनील चौधरी, रमेश पहलवान, क्रांति सिंह,ललित डहरिया,महेश पटेल,पवन बावरिया,लक्ष्मण कोल,दिनेश शोरडे, प्रमोद रावत,दालचंद पासी,नरेश कुलस्ते, प्रहलाद डहरिया,गवेन्द्र उरेती,चन्द्रेश कोल, राजकुमार रोसल्या, मुकेश मरकाम, जगन्नाथ साकेत,प्रविन्द्र ग्वालवंश, मुकेश बरकड़े, दिनेश सोर्डे, नरेन्द्र हेड़ाऊ, दिनेश सोनकर,हिमरत मार्को, राजकुमार कुशराम, सुशील डोंगरे,शिवप्रसाद कोरी,पवन कोरी ,राजू कोल,एम अप्पा राव,भरत अहिरवार, परसराम बामोरिया,विनय कोरी, रोहित डोंगरे,मुन्ना चौधरी, रवि परस्ते, मुकेश बट्टी,होसी तेकाम,,भानसिह तेकाम, प्रशांत राव,ममता मरकाम, अनामिका पुट्टे, सुनील रैकवार, रवि कोष्टा, अश्विनी सोनकर, अंतरिक्ष सोनकर,छोटू दाहिया,सेवल परतें, संजय उईके, कैलाश पंद्रे,योगीराज इड़पाचे, ओमप्रकाश मरकाम,, पंकज एडला,शारदा विश्वकर्मा, काशीराम धुर्वे, लाल सिंह मरावी,रामसुशील कोरी,अनुलेश मार्को, देवी राम धुर्वे,अभय गोटियां,हर्ष मरकाम, प्रहलाद गजभिए, रविन्द्र डहरिया,सुकरत सिंह परस्ते, बालकृष्ण उइके, मूलचंद अहिरवार, कोमल महतो, महिपाल,पवन बरकड़े, संजय उईके, मुन्ना परस्ते, हीरालाल परस्ते, जसवंत करोशिया, बलराम कलशा आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश इंटक के नये अध्यक्ष यादव का विधुत फेडरेशन ने किया स्वागत

## संगठन को मजबूत करने सभी मिलकर काम करेंगे - यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र इंटक के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सुंदर जी यादव का हार्दिक स्वागत अभिनंदन मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन व्दारा किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के वरिष्ठ नेता एन के यादव,जे एल जोशी, यू एस राजपूत, जी एल मेनारिया और बीरेन्द्र प्रताप मिश्रा उपस्थित रहे। फेडरेशन के जोनल सचिव एन के यादव ने मप्र विद्युत कर्म संघ फेडरेशन 452 कोतवाली वार्ड जबलपुर के महामंत्री राकेश पाठक की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी इंटक अध्यक्ष आदरणीय श्री श्याम सुंदर जी यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मप्र इंटक की पहले एडाहक कार्यकारिणी मनोनीत की गई थी लेकिन दिनांक 30 मई को ग्वालियर में इंटक के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुझे निर्वाचित कर पूर्ण रूपेण मप्र इंटक के अध्यक्ष की जवाबदारी सौपी है और मुझे मप्र इंटक की कार्यकारिणी का गठन करने का पूरा दायित्व भी दिया है ।हम सब मिल बैठ कर ये भी कर लेगे इसमे सभी सकारात्मक सोच वाले सभी लोगो का समावेश बिना किसी भेदभाव के किया जायगा। आप लोग इंटक के अभिन्न अंग है। आप लोगो ने जो आत्मीय स्वागत किया है। उसके लिए धन्यवाद। एन के यादव ने यकीन के साथ कहा कि इंटक और आपके द्वारा जैसा भी आदेश होगा उसका पालन हमारा संगठन करेगा, यही हमारे संगठन के महामंत्री श्री राकेश पाठकजी का हमें संदेश है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंटक को सुदृढ़ और सक्रिय करने हरसंभव काम करने तत्पर है।

## हाजी मुईन खान हज ट्रेनर नियुक्त



जबलपुर। राज्य शासन के मप्र स्टेट हज कमेटी भोपाल द्वारा पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान को हज ट्रेनर नियुक्त किया गया है। उक्तशय के आदेश स्टेट हज कमेटी की सीईओ डॉ. फरजाना गजाल ने जारी किए। श्री खान जबलपुर जिले से हज यात्रा पर मक्का-मदीना सऊदी अरब जाने वाले हाजी-हज्जानियो को हज कमेटी द्वारा लगाये जाने वाले प्रशिक्षण शिविर में हज करने का तरीका व नियम से प्रशिक्षित करेंगे। इसके पूर्व भी उनके द्वारा मप्र शासन की ओर से सऊदी अरब में खादिमुल हुज्जाज के रूप में कई बार अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु 'अंजी खड्ड'



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने फिर से एक नई कहानी को जन्म दिया है। ये कहानी एक पुल की है जो सिर्फ लोहे और केबल से नहीं, हिम्मत और हुनर से भी बना है। ये कहानी है भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज- अंजी खड्ड ब्रिज की जो जम्मू-कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच, अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह अद्भुत संरचना भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है।

यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्क्कक्र) परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ जैसी सभी सीमाओं को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है। आकर्षक डिजाईन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया है जो नदी तल से 331 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि नीव से 193 मीटर ऊंचा एक मजबूत सेंट्रल पायलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है। इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। 725 मीटर लम्बे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है। मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर बने इस ब्रिज से जम्मू-कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों लिए रोज़गार के नए अवसरो का सृजन होगा साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

? पुल की कुल लंबाई- 725 मीटर

? नदी के तल से ऊंचाई- 331 मीटर

? सेंट्रल पायलन की ऊंचाई- 193 मीटर

? केबल की संख्या- 96

? केबल का कुल वजन- 849 मीट्रिक टन

? केबल की कुल लंबाई- 653 किलोमीटर

? निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल- 8,215 मीट्रिक टन

## अन्जुमन वक्फ के खिलाफ परिवाद दायर दस लाख की मानहानि का दिया लीगल नोटिस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हमेशा विवादों में रहने वाली अन्जुमन वक्फ कमेटी की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं हैं। कमेटी के गठन के बाद से ही अध्यक्ष सहित कमेटी एक के बाद एक कानूनी दांव पेच में उलझी हुई है। एक विवाद सुलझता नहीं है और दूसरा विवाद मुश्किलों को और बढ़ा देता है। नया मामला मानहानि से जुड़ा हुआ है। दैनिक आवाम और ख़बर के संपादक वरिष्ठ पत्रकार ज़ाहिद अंसारी ने अन्जुमन वक्फ कमेटी के अध्यक्ष अनवर अन्नू सहित कमेटी के सभी सदस्यों को दस लाख रूपयों की मानहानि का नोटिस भेजा है। अधिवक्ता के माध्यम से अन्जुमन वक्फ कमेटी के खिलाफ परिवार दायर कर बतौर मानहानि दस लाख रुपये की राशि दिलाए जाने की मांग की है। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि अन्जुमन वक्फ कमेटी के खिलाफ दैनिक हेलो जागरण में खबर प्रकाशित हुई थी, इस अखबार या अखबार से याचिकाकर्ता का कोई लेना देना नहीं था और ना है, लेकिन कमेटी ने बिना किसी जांच पड़ताल किए याचिकाकर्ता को नोटिस थमा दिया और इस नोटिस को सार्वजनिक कर याचिकाकर्ता की साफ सुथरी छबि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया। कमेटी की इस हरकत से याचिकाकर्ता को मानसिक ठेस पहुची। सच्चाई बताने पर भी ना तो कमेटी अध्यक्ष और ना ही किसी मेम्बर ने खेद व्यक्त किया। लिहाजा व्यथित होकर न्यायालय की शरण ली और न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम की अदालत में दस लाख रुपये की मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

## पशु पालन कर्मचारी क्रिकेट व महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 18 अप्रैल से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण समिति मप्र द्वारा प्रदेश स्तरीय विभागीय कर्मचारी क्रिकेट व महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 18 अप्रैल से जबलपुर में आयोजित है द्य

कर्मचारी कल्याण समिति के सम्भागीय उपाध्यक्ष सुहेल अनवर खान ने बताया कि प्रतियोगिता में जबलपुर सहित भोपाल, नरसिंगपुर, बालाघाट, मंडला, रतलाम, बड़वानी, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, सिंगरोली, देवास, सागर, रीवा आदि 16 जिलों की टीमों में विभाग के कर्मचारी-अधिकारी अपना प्रर्दशन करेंगे द्य

प्रतियोगिता का आयोजन 18, 19 एवं 20 अप्रैल को अधारताल स्थित कृषि विश्वविद्यालय के इंडियन कॉफ़ी हाउस के पीछे मैदान में किया जायेगा। क्रिकेट मैच पहली पाली में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक 4 मैच एवं द्वितीय पाली में शाम 4 बजे से 6 बजे तक 2 मैच खेले जायेगे द्य सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 20 अप्रैल को खेले जायेगे द्य श्री सुहेल अनवर खान ने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष प्रथम बार विभागीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रदेश की 10 टीमें भाग ले रही है द्य

टूर्नामेंट के दौरान 18 एवं 19 अप्रैल को पशुपालन एवं डेयरी विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी विभागीय कर्मचारी कल्याण समिति का चिन्तन शिविर शिविर भी आयोजित किया जायेगा द्य जिसमे प्रदेश स्तर के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे द्य



भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वदेश समूह से सम्बद्ध वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय की माता शिक्षाविद भंवर उपाध्याय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं

# संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ करेंगे प्रदेश का विकास- मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विरासत के विकास के संकल्प को लेकर दिल्ली में विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महानाट्य मंचन के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जे.पी. नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि श्री नड्डा मध्यप्रदेश के दामाद होने के नाते उनका प्रदेश से विशेष प्रेम और लगाव है। श्री नड्डा के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का जब भी मंचन हुआ है, श्री नड्डा ने हमेशा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शक और हूण जैसे आक्रांताओं को परास्त कर सुशासन स्थापित किया। भगवान श्री राम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है। सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात दिल्ली के लाल किले में विक्रमोत्सव के दौरान चित्र प्रदर्शनी और एम पी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान मीडिया से कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के मंचन के साथ सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं, संस्कृति और पर्यटन की जानकारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ उप मुख्यमंत्री द्वय श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के साथ गणमान्य नागरिक और समाजसेवी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य कालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, बृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापी विस्तार के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियो का अवलोकन किया। एमपी पेवेलियन के अवलोकन के दौरान डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, स्थानीय कला बाग प्रिंट की साड़ियों, लड़की के खिलौनों, जरी जरदोजी कला, टेराकोटा कला के कलाकारों से परिचय लिया। उनके उत्पादों के बारे में जानने के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया। कलाकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सम्मानस्वरूप गोंड पेंटिंग, जरी जरदोजी फोटो फ्रेम भेंट किया। साथ ही प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ स्थानीय संस्कृति और कला को प्रदर्शित करते एमपी टूरिज्म पेवेलियन की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवलोकन के दौरान मंडला से खजूर शिल्प के उत्पादों का भी अवलोकन किया। कलाकार श्री संतोष खड़से ने अपने उत्पादों के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि खजूर की पत्तियों से सजावट और घरेलू उपयोग के लगभग 200 डिजाइन और उत्पादों को बनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से ही उसके उत्पादों का राजधानी दिल्ली में प्रदर्शित और बिक्री होना संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकार श्री संतोष खड़से की कला की सराहना की और स्वयं एक पुष्प खरीदते हुए एक हजार रुपए उत्साहवर्धन स्वरूप दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल और दिल्ली के मंत्रि-परिषद के सदस्यों का विक्रमोत्सव में भाग लेकर हौसला बढ़ाने के लिए आभार माना। साथ ही दिल्ली में महान सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति और कलाकारों का अभिनंदन भी किया।

## जयभीम पदयात्रा-भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हजारों युवाओं के साथ निकाली पदयात्रा

# बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा- मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में भव्य जयभीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा भोपाल के शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहे होते हुए पुन: शौर्य स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुई। मंत्री श्री सारंग ने शौर्य स्मारक से जय भीम पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा मार्ग में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पदयात्रा में हजारों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति की भावना के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पदयात्रा से पहले मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जय भीम पदयात्रा केवल एक मार्च नहीं, बल्कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर, उन्हें अपने जीवन में उतारने का एक संकल्प है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो उन्हें सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि जय भीम पदयात्रा के माध्यम से हम बाबा साहेब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो सामाजिक समता, न्याय और स्वतंत्रता का प्रतीक है। आज का युवा यदि उनके विचारों को आत्मसात करता है, तो वह निश्चित ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकता है।

पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही। सभी युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ जय भीम और 卐जय भारत卐 के नारों से वातावरण को गुंजायमान किया। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जय भीम पदयात्रा के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक समानता, न्याय और संविधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे देश में जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। भोपाल में आयोजित पदयात्रा में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, उप सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार श्रुती, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक श्री राकेश सिंह तोमर, राष्ट्रीय सेवा योजना, भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजकुमार वर्मा, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी और सही समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी - ज्ञानेश कुमार, सीईओ भारत निर्वाचन आयोग

भोपाल (आरएनएस)।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आईआईआईडीईएम में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था।

मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों।

कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। इस ओरिएंटेशन के दौरान अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी कैसे फैलानी है, गलत सूचनाओं से कैसे निपटना है और मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में विगत दिनों हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।

### मध्यप्रदेश को मिला 25वां अभयारण्य

भोपाल, (आरएनएस)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जैव विविधता संरक्षण के लिए की गई पहल पर मध्यप्रदेश को एक और नया अभयारण्य मिल गया है। सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में नया अभयारण्य बनाया जा रहा है। इस नये अभयारण्य को %डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य% के नाम से जाना जायेगा। राज्य सरकार ने इस नये अभयारण्य की अधिसूचना भी जारी कर दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर जानकारी देते हुए कहा कि यह अभयारण्य न केवल वन्य जीवों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब के नाम समर्पित यह अभयारण्य संविधान निर्माता के प्रति हमारे सम्मान और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

# भाजपा सरकार का कर्मचारी विरोधी चेहरा बेनकाब, ढोंग से नहीं छिपेगा सच : जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)।मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए आठ साल बाद पदोन्नति का रास्ता साफ होने की खबर को भारतीय जनता पार्टी अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश में जुटी है। लेकिन यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक, बल्कि यह उसकी कर्मचारी विरोधी नीतियों और लंबे समय तक चली आ रही उपेक्षा का नतीजा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए इसके ढोंग और नाकामी को जनता के सामने उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार कर्मचारियों के हक को कुचलने की दोषी है और अब सस्ती लोकप्रियता के लिए नाटक कर रही है।

जीतू पटवारी ने कहा, 2016 से 2025 तक का समय मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक काला अध्याय रहा है। इस दौरान एक लाख से अधिक कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गए। उनकी मेहनत, उनका समर्पण और उनके परिवारों की उम्मीदों को भाजपा सरकार ने कुचल दिया। इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव की है। 2016 में हाईकोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण को समाप्त किया था, जिसके खिलाफशिवराज सरकार सुप्रीम कोर्ट गई। लेकिन सच यह है कि कोर्ट ने कभी भी पदोन्नति पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश नहीं दिया था। फिर भी, शिवराज सरकार ने इसे बहाना बनाकर कर्मचारियों के हक को दबा दिया। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा में भी अपने कर्मचारियों की पदोन्नति जारी रखी, लेकिन मध्यप्रदेश में भाजपा ने जानबूझकर कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित किया।

पटवारी ने आगे कहा, 2018 में जब कांग्रेस की सरकार बनी, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कर्मचारियों की इस पीड़ा को समझा और पदोन्नति के लिए तुरंत कदम उठाया। उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता दी और तीन मंत्रियों-डॉ. गोविंद सिंह, पी.सी. शर्मा और बाला बच्चन की एक कमेटी बनाई, ताकि कर्मचारियों को उनका हक जल्द से जल्द मिल सके। यह एक उम्मीद की किरण थी, जो कर्मचारियों के जीवन में बदलाव लाने वाली थी। लेकिन भाजपा ने अपनी सत्ता की भूख में इस उम्मीद को कुचल दिया। विधायकों की खरीद-फरोख्त कर कांग्रेस की जनता द्वारा चुनी गई सरकार को गिरा दिया गया। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने चोरी की सरकार बनाई और पदोन्नति के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। यह न सिर्फ कर्मचारियों के साथ विश्वासघात था, बल्कि लोकतंत्र का भी गला घोंटने वाला कृत्य था।

जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार की तानाशाही पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने तीन बार कर्मचारियों की पदोन्नति के पक्ष में फैसला सुनाया, लेकिन भाजपा सरकार ने हर बार इन आदेशों को नजरअंदाज किया। यह न्यायपालिका की खुली अवमानना थी। कोर्ट ने सिर्फ आरक्षण पर रोक लगाई थी, न कि पूरी पदोन्नति प्रक्रिया पर। फिर भी, भाजपा ने इसे अपने कर्मचारी विरोधी एजेंडे के लिए हथियार बनाया। कर्मचारी संगठनों ने सड़कों पर उत्तरकर प्रदर्शन किए, अपनी आवाज उठाई, लेकिन उन्हें सिर्फ झूठे वादे और आश्वासनों का लॉलीपॉप थमाया गया। यह सरकार का तानाशाही रवैया नहीं तो और क्या है? चार लाख कर्मचारियों को लाभ देने का ढिंढोरा पीटने वाली यह सरकार यह क्यों नहीं बताती कि उसकी गलत नीतियों की वजह से एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बिना प्रमोशन रिटायर हुए और कईयों की जिंदगी इस इंतजार में खत्म हो गई? पटवारी ने सरकार के मौजूदा रवैये को ढोंग करार देते हुए कहा, अब जब सरकार को लग रहा है कि उसकी छवि दांव पर है और जनता का गुस्सा बढ़ रहा है, तो अचानक कर्मचारियों की याद आई है। यह कोई संवेदनशीलता नहीं, बल्कि सियासी नाटक है। जो कर्मचारी पिछले आठ साल में बिना पदोन्नति के रिटायर हुए, जो इस इंतजार में दुनिया छोड़ गए, उनके परिवारों का दर्द कौन समझेगा? क्या शिवराज और मोहन यादव उनके परिवारों से माफी मांगेंगे? यह सरकार कर्मचारियों की दु दुश्मन है, जिसने उनके हक को छीनने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब चार लाख कर्मचारियों को लाभ देने की बात कहकर यह दिखावा किया जा रहा है कि सरकार उनके साथ है, लेकिन सच यह है कि यह उस गलती को सुधारने की मजबूरी है, जो पहले ही नहीं करनी चाहिए थी।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी कर्मचारियों के साथ हुए इस ऐतिहासिक अन्याय के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए है। जीतू पटवारी ने सरकार से निम्नलिखित मांगें की हैं :न्याय का अधिकार: 2016 से 2025 तक एक लाख से अधिक कर्मचारियों को जो आघात पहुंचा है, उनके साथ तुरंत न्याय सुनिश्चित किया जाए।पेंशन में लाभ: जो कर्मचारी और अधिकारी बिना प्रमोशन के रिटायर हो गए, उन्हें पेंशन में पदोन्नति का लाभ एरियर सहित तुरंत दिया जाए।दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को राहत: उनमें से जो कर्मचारी दिवंगत हो गए हैं, उनकी विधवाओं को पेंशन में पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए।

माफी और प्रायश्चित: भाजपा सरकार इस अन्याय के लिए कर्मचारियों और उनके परिवारों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और अपनी गलतियों का प्रायश्चित करे। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि कर्मचारी और मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है। यह दिखावा और ढोंग ज्यादा दिन नहीं चलेगा। कांग्रेस कर्मचारियों के हक की लड़ाई हर मंच पर लड़ेगी-चाहे वह सड़क हो, सदन हो या जनता की अदालत। हम कर्मचारियों को उनका सम्मान और हक दिलाकर रहेंगे। यह सरकार या तो कर्मचारियों को तुरंत न्याय दे, वरना उसे इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। भाजपा की कर्मचारी विरोधी नीतियों का हिसाब जनता और कर्मचारी जरूर करेंगे।

# प्रदेश में तापमान बढ़ने की आशंका - सीएमएचओ ने हीट स्ट्रोक पर एडवाइजरी जारी की

भोपाल (आरएनएस)।तापमान में बढ़ोत्तरी को देखते हुए सीएमएचओ भोपाल द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। शासकीय और निजी अस्पतालों को लू के प्रकरणों के उपचार के लिए अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य संस्थाओं में हीट स्ट्रोक मरीजों के उपचार के लिए बेड आरक्षित करने, वार्डों को ठंडा रखने के लिए कूलर अथवा अन्य संभव उपाय, ओपीडी मरीजों में लू के लक्षणों की जांच, पेशेंट डिस्चार्ज सुबह 9.00 के पूर्व या शाम 4.00 के बाद किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। हीट रिलेटेड इलनेस सर्विलेंस के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है।

हीट स्ट्रोक होने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे या एकाएक भी आ सकती है। जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बंद कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न किया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना, लू लगने के लक्षण है। इन लक्षणों की पहचान जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है, जिससे शीघ्र उपचार शुरू किया जा सके।

तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहे। तेज गर्मी होने पर अधिक मात्रा में पानी पीना, सर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढकना, हल्के सूती वस्त्र पहनना तथा धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहनना जरूरी है। पसीना अधिक आने की स्थिति में ओआरएस घोल, लस्सी, मठ्ठा एवं फलों का रस पीना चाहिए । चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर रुक कर आराम करना, शीतल पानी अथवा उपलब्धता अनुसार फलों का रस लस्सी आदि का सेवन किया जाना चाहिए।

# पेयजल संकट से निपटने के लिए नलकूप खनन के वेंडर बढ़ाये जाएंगे - स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह



भोपाल-(आरएनएस) स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए, ऐसी व्यवस्था करें कि जिले में कही पर भी पानी का संकट न हो। उन्होंने कहा कि जिले में नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नलकूप खनन के वेंडर की वर्तमान संख्या पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाया जाये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह शनिवार को बालाघाट जिले के मलाजखंड में पेयजल व्यवस्था संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पेयजल, बिजली और जल संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यो पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों को धान के साथ मक्का की फसल लेने की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिजली की 30 वर्षों की मांग को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पीएम आवास सहित आम नागरिकों के लिए रेत की व्यवस्था सुगमता से होनी चाहिए।बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, विधायक सर्वश्री संजय उइके, मधु भगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, गौरव पारधी, विक्की पटेल, राजकुमार करांहे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही श्री दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वादलिया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने 285 नवदंपति के सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक नवदंपति को 49-49 हजार रूपये के चैक प्रदान किये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड तैयार किया जायेगा। आपात स्थिति में ग्रामीणों के उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर देश के बड़े अस्पतालों में उपचार कराया जायेगा।

## अदालत की आत्मा को लगा झटका

उप्र के इलाहाबाद में बुलडोजर से घर ढहाने को सुप्रीम कोर्ट ने अमानवीय और अवैध करार देते हुए कहा कि इससे अदालत की आत्मा को झटका लगा है। उप्र सरकार को प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ अधिकारियों को उनकी अत्याचारिता के लिए सबक सिखाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि इस देश में आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया और कानून का शासन जैसी कोई चीज है।

आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त करने पर विकास अधिकारियों को यह याद रखने को कहा कि आश्रय का अधिकार मौलिक अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 21(जीवन व स्वतंत्रता) का अभिन्न अंग है। सभी छह याचिकाकर्ता इलाहाबाद के लूकरगंज के निवासी हैं जिनके घर मार्च, 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त किए गए थे।

उनका कहना है कि स्थानीय अधिकारियों ने गलत धारणाओं के आधार पर घर गिराया कि वे माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की संपत्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने अंबेडकरनगर जिले में बुलडोजर कार्रवाई का भी हवाला दिया। झोपड़ियों को ध्वस्त किए जाने पर कहा कि वह बहुत परेशान करने वाला और चौंकाने वाला है। उप्र सरकार के वकील ने दलील दी कि ये मकान अवैध थे इसलिए ध्वस्त किए गए। इनके साथ अन्य संपत्तियां भी ढहाई गई।

हैरत है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तोड़-फोड़ की इस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। राज्य सरकार का दावा था कि बुलडोजर कार्रवाई पेशेवर अपराधियों और माफिया के खिलाफ की गई।

# वक्फ संशोधन के विरुद्ध याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू

अवधेश कुमार

वक्फ संशोधन के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। इस संशोधन के दोनों सदनों में पारित होने के अगले दिन से ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं जाने लगीं।

एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरु द्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है। हमारे सामने दो दृश्य भी हैं। लोक सभा में बहस के पूर्व सभी पार्टियों ने व्हिप जारी कर दिया था। राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट घोषणा की कि सांसद स्वतंत्र हैं, व्हिप नहीं है, वे जैसे चाहें मतदान करें। इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संख्या से ज्यादा मत विधेयक के समर्थन में आए। इसके कोई निहितार्थ हैं या नहीं? दोनों सदनों में बहस और मतदान के दौरान देश में समर्थन और विरोध, दोनों में मुसलमान उतरे। उन दो दिनों में समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा थी। अलग-अलग धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने खुल कर विधेयक का समर्थन किया। इनमें वे मुस्लिम मजहबी नेता और संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल थे जो पहले वक्फ में किसी प्रकार के संशोधन का घोर विरोध करते थे। ऐसे विषयों पर सुधार और परिवर्तन के संवैधानिक कानूनी कदमों के विरु द्ध प्रचार और रोकने की कोशिश पहली बार नहीं है। वक्फ कानून, उससे संबंधित बोर्ड और ट्रिब्यूनल या न्यायाधिकरण को मुस्लिम वोट पाने की नीति के तहत सुपर सरकार, सुपर प्रशासन और सुपर न्यायपालिका की भूमिका दे दी गई थी, उस ढांचे में लाभान्वितों तथा आनंद सुख भोगने वालों के अंदर छटपटाहट स्वाभाविक है। वक्फ कानून में संशोधन क्यों नहीं होना चाहिए था या संशोधन में क्या असंवैधानिक, इस्लाम विरोधी, मुस्लिम विरोधी है, इसका तथात्मक उत्तर विपक्ष के किसी नेता द्वारा संसद में नहीं मिला। जब एक सदस्य ने कहा कि मुसलमान कानून को नहीं मानेगा तब गृह मंत्री ने कहा कि यह संसद द्वारा बनाया गया कानून है, सबको मानना पड़ेगा। संसद द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत पारित कानून भारत के सभी क्षेत्रों और व्यक्तियों पर लागू होता है। कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने लोक सभा में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को बहुमत के द्वारा संविधान का अतिक्रमण और लोकतंत्र का गला घोंटने के समान बता दिया।

लोक सभा में अमित शाह ने रिकॉर्ड रखते हुए बताया कि संप्रग सरकार ने 2013 में चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पास कर दिया था जबकि इस बार दोनों सदनों में करीब 27 घंटे से ज्यादा का समय लगा। वक्फ ने जिस तरह पूरे देश में संपत्तियों का दावा किया, कब्जे में लिया उसकी अनेक कथाएं रिकॉर्ड में सामने हैं। यह कैसी संवैधानिक व्यवस्था थी जिसमें वक्फ किसी संपत्ति पर दावा कर दे तो वक्फ ट्रिब्यूनल के अलावा आप कहीं नहीं जा सकते। ट्रिब्यूनल बरसों लगा देगा और फैसले को सिविल न्यायालय में चुनौती नहीं दे सकते यानी आपकी संपत्ति गई। इसमें हिन्दू और मुसलमान, दोनों के साथ सार्वजनिक सरकारी संपत्तियां भी शामिल हैं। गृह मंत्री ने सदन में रिकॉर्ड पर कहा कि कोई गांव या शहर से बाहर नौकरी करने चला गया और उसकी संपत्ति वक्फ कर दी गई।

वक्फ में कोई बदलाव नहीं है। किंतु हम अपनी संपत्ति वक्फ में रजिस्ट्री करा सकते हैं, दूसरे की संपत्ति पर कैसे दावा कर सकते हैं? सरकार कैसे संपत्ति वक्फ कर सकती है? यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सच्चर आयोग की नियुक्ति और उसकी रिपोर्ट के बाद पूरे देश में अलग से इस्लामी ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक संपत्ति वक्फ बोडरे को दी। हमारी, आपकी या किसी मंदिर की जमीन के कागजात, राजस्व आदि का विषय जिला कलेक्टर के अधीन होगा किंतु वक्फ का नहीं हो तो कैसे इसे कानून का पालन माना जाएगा? वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन भारत के संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। उसे संविधान और कानून के अंतर्गत ही काम करना होगा। कोई संपत्ति जिस उद्देश्य के लिए वक्फ हुई, उसका उपयोग उसके अनुरूप हो रहा है या नहीं तथा वक्फकर्ता ने? स्वेच्छा से ऐसा किया या दबाव डाल कर कराया गया इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी प्रशासन की है। जिस संस्था में लगभग 41 हजार विवाद हों और उनमें 10 हजार मुसलमानों द्वारा किए गए उसे कायम नहीं रखा जा सकता था। वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरु षों के एकाधिकार और निरंकुश ढांचे को ध्वस्त कर वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक चरित्र में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना, जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से डरती रही हों, निस्संदेश साहसिक, ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है।

## बेजुबानों की सेवा ईश्वर की सेवा है

विवेक रंजन श्रीवास्तव

पशु-पक्षी हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। वे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाते हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये बेजुबान जीव मानवता के नैसर्गिक मित्र हैं। पुरातन समय से मानव सुरक्षा तथा प्रेम के लिए ही नहीं आहार के लिए भी पशुओं के संग सहअस्तित्व में रहा है।

गर्मी का मौसम केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता है। अत्यधिक तापमान, जल की कमी और भोजन की अनुपलब्धता के कारण वे पीड़ित होते हैं। चूंकि पशु पक्षी अपनी पीड़ा को शब्दों में नहीं व्यक्त कर सकते, इसलिए यह मानवीय जिम्मेदारी है कि हम मौसम के अनुसार पालतू पशु पक्षियों की ही नहीं वरन यथा वांछित सभी प्राणियों की सहायता अपने अपने परिवेश में अवश्य करें। गर्मी में जल जीवनदायी बन जाता है। पशु-पक्षी भी प्यास से व्याकुल होते हैं। हमें अपने घर की छत, बालकनी, बगीचे या सार्वजनिक स्थलों पर पानी के बर्तन रखकर उनकी प्यास बुझाने का प्रयास करना चाहिए। पक्षियों के लिए ऊँचाई पर जलपात्र रखना अधिक सुरक्षित होता है। पानी को प्रतिदिन बदलना चाहिए ताकि वह ताज़ा और साफ बना रहे।

तेज धूप और लू से पशु-पक्षी भी थक जाते हैं। उन्हें आराम के लिए छायादार स्थान की आवश्यकता होती है। यदि हमारे पास पालतू पशु हैं, तो उन्हें छाया और हवादार स्थान पर रखें। पक्षियों के लिए पेड़-पौधे लगाना उपयोगी होता है। इससे न केवल उन्हें विश्राम का स्थान मिलता है, बल्कि घोंसला बनाने के लिए भी सहारा मिलता है।

गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों को दाना पानी सहजता से नहीं मिलता अतः पक्षियों के लिए दाना, चावल, फल या रोटी के टुकड़े दिए जा सकते हैं। पालतू पशुओं को समय-समय पर पानी से नहलाना चाहिए या उनके शरीर पर पानी छिड़कना चाहिए,

## कभी था नक्सलगढ़, अब बन रहा विकास का गढ़

नसीम अहमद खान

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सीमावर्ती इलाके जिनकी पहचान कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में हुआ करती थी, अब वह तेजी से विकास के गढ़ के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। बस्तर के कैनवास पर अब एक नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है। यह राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़-संकल्प के चलते संभव हो पाया है राज्य के घोर नक्सल प्रभावित जिलों में विकास की नई रेखाएं खींच रही हैं। कभी पिछड़ेपन और भय का पर्याय माने जाने बस्तर क्षेत्र में आज विकास की नई इबारतें लिखी जा रही हैं। विष्णु देव सरकार की जनहितैषी नीति, नक्सलवाद उन्मूलन अभियान और समग्र विकास ने इन क्षेत्रों में सकारात्मक और परिणाममूलक परिवर्तन की शुरुआत कर दी है।

राज्य के सात घोर नक्सल प्रभावित जिलों में से छह जिले कांकेर, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर बस्तर संभाग के अंतर्गत आते हैं तथा एक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी दुर्ग संभाग का हिस्सा है। इन जिलों में पिछले 15 महीनों में नक्सल उन्मूलन अभियान और विकास की रणनीति को समानांतर रूप से लागू करते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों के पैर उखाड़ने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की बदौलत अब आमजनता तेजी से विकास मुख्यधारा से जुड़ रही है। शासन-प्रशासन की सक्रियता, जनसंपर्क और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन क्षेत्रों में विश्वास और उम्मीद की नई किरण दिखाई दे रही है। इन जिलों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बड़ी तेजी से उपलब्ध कराई गई हैं। योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित पहुंचाने का प्रयास भी लगातार जारी है।

मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसी योजनाओं से न केवल इन क्षेत्रों में सरकारी उपस्थिति मजबूत हुई है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी आमजन का सशक्तिकरण हुआ है। मनरेगा के तहत 29,000 नए जॉब कार्ड जारी हुए हैं, जिनमें 5,000 कार्ड ''नियद नेल्ला नार'' योजना में शामिल गांवों में बने हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना में सातों जिलों में लगभग एक लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जो लक्ष्य का 107 प्रतिशत है। 15 महीनों में नियद नेल्ला नार के गांवों में 1100 आवास स्वीकृत हुए, जिसमें 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की संख्या 19.24 लाख से बढ़कर 21.05 लाख हो गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वितों की संख्या में 20.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 3.61 लाख से अधिक हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ सरकार की पहल से नक्सल प्रभावित जिलों में 46 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके दायरे में आने वाले 145 गांवों में 'नियद नेल्ला नार' योजना चलाई जा रही है।

### बिना नहाए पूजा कर सकते हैं या नहीं? किन परिस्थितियों में करें बिना स्नान के पूजा? जानें क्या कहते हैं धर्म शास्त्र

हिन्दू धर्म में ईश्वर की आराधना, खास तौर पर पूजा-पाठ को पवित्रता से जोड़कर देखा जाता है. लोक मान्यता है कि, घर के बाहर राह में घूमते हुए हम कई प्रकार से अशुद्ध हो जाते हैं और स्नान करने से शुद्धता आती है. ऐसे में हमें स्नान के बाद ही पूजा करना चाहिए. वहीं कई लोगों का मानना है कि ईश्वर की भक्ति के लिए तन नहीं मन शुद्ध होना चाहिए. यानी कि इसका स्नान से कोई लेना देना नहीं है. ऐसे में क्या है और क्या नहीं? पूजा के लिए स्नान कितना जरूरी है? और क्या बिना स्नान के पूजा का कोई महत्व नहीं? क्या कहते हैं हमारे धर्म शास्त्र? आइए जानते हैं- हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार स्नान को सिर्फ शरीर को साफ करने का तरीका नहीं बल्कि मानसिक शुद्धता का प्रतीक भी माना जाता है. हमारे शास्त्रों में पूजा से पहले स्नान करने का मत्व बताया गया है. ऐसा कहा जाता है कि इससे ना सिर्फ शरीर के बाहरी बल्कि अंदर भी शुद्धता और पवित्रता आती है. ऐसी मान्यता है कि यदि आप बिना स्नान के पूजा करते हैं तो आपको उसका पूर्ण फल प्राप्त नहीं हो पाता है. ऐसे में पूजा से पहले स्नान करना जरूरी है. बिना स्नान के पूजा आप कुछ परिस्थितियों में कर सकते हैं, जैसे आप जब बीमार हैं और स्नान नहीं कर सकते हैं तो आप ईश्वर की आराधना और पूजा बिना स्नान के भी कर सकते हैं.

## किराए के मकान में रहते हुए न करें ये गलतियां, वरना अपना घर बनाने में आ सकती हैं बाधाएं

अक्सर किराए के घर में रहने वाले लोग वास्तु के नियमों का पालन नहीं करते हैं। क्योंकि वह ऐसा मानते हैं कि यह उनका घर नहीं है। कुछ लोग जाने-अंजाने में किराए के घर में रहते हुए कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे कि वास्तु दोष उत्पन्न होने लगता है। वास्तु दोष पैदा होने पर अपना घर बनाने के सपने पर प्रभाव पड़ता है। सरल शब्दों में कहा जाए, तो किराए के मकान में रहते हुए कुछ वास्तु नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। क्योंकि इन नियमों का पालन नहीं करने से अपना घर बनने में देरी आती है और अनेकों बाधाएं पैदा होने लगती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वास्तु शास्त्र के मुताबिक किराए के मकान में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

बता दें कि सबसे पहले किराए के मकान में रहने वाले लोगों को यह समझना चाहिए कि आप जिस भी घर में रहते हैं। वहां पर आपके साथ अगर घर के मकान मालिक भी रहते हैं, तो ऐसे में वास्तु दोष सिर्फ आपकी गलती से नहीं बल्कि अगर के मालिक की वजह से भी पैदा हो सकता है। जिसका नुकसान न सिर्फ आपको बल्कि घर के मकान मालिक हो भी हो सकता है।

अगर आप किराए के मकान में अकेले रहते हैं, तो आपको वास्तु नियमों का ध्यान रखना चाहिए। भले ही वह घर आपका नहीं है, लेकिन इसमें रखी वस्तुओं का आप इस्तेमाल कर रहे हैं। किराए के घर में लकड़ी के दरवाजे नहीं होना चाहिए। लकड़ी के दरवाजे की जगह स्टील धातु से बने दरवाजा लगवाना चाहिए। वरना इससे घर में बरकत रुकती है।

वहीं अगर लकड़ी का दरवाजा खराब हो जाता है, या उसमें घुन लग जाता है, तो ऐसी लकड़ी वाला दरवाजा घर में निगेटिव एनर्जी को प्रवेश देता है और सकारात्मक ऊर्जा को आने से रोकता है। ऐसे में घर में स्टील के दरवाजे लगाना शुभ माना जाता है। क्योंकि किराए के मकान को बुरी शक्तियां जल्दी प्रभावित करती हैं। इसलिए नकारात्मक शक्तियों से बचने के लिए कपूर या लोबान जलाकर उसका धुआं घर के हर कोने में करें।

जिस तरह से अपने घर में टूटा-फूटा सामान रखना अशुभ माना जाता है, ठीक उसी तरह से किराए के घर में भी टूटा और बेकार का सामान रखना नुकसानदायक साबित हो सकता है। किराए के घर में अगर नल टपकता है, तो उसको भी फौरन ठीक करना चाहिए, इससे धन की हानि होने लगती है। वहीं किराए के मकान के मुख्य द्वार को खाली न छोड़े यहां पर कोई शुभ चिन्ह बनाए।

### भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार का गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत सुंदर वर्णन किया है

भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई। हम वैसे कुछ भी सोचें! किंतु यह दिव्य लीला भगवान शंकर ने की है। तो निश्चित ही इसमें कोई न कोई आध्यात्मिक संदेश छुपा ही होगा। नरमुण्डों की माला पहनने के पीछे भी एक गाथा है। संतों के श्रीमुख से हमने अनेकों बार इस गाथा का रसपान किया है। घटना उस समय की है, जब भगवान शंकर माता पार्वती को लेकर अमरनाथ गुपफ़ा में, उन्हें अमर कथा का पान करवा रहे थे। भगवान शंकर आज माता पार्वती को एक दिव्य व अमर ज्ञान से परिचित करवा रहे थे। माता पार्वती-तत्व से---? यह तत्व से जानना क्या होता है प्रभु? आप मेरे स्वामी हैं। पति हैं।

# मुद्रा योजना विकसित भारत तक ले जाने वाला सोपान

अखिलेश झा

विकसित भारत के लक्ष्य में जितनी बड़ी भूमिका बड़े उद्यमों की है, उतनी ही महत्त्वपूर्ण भूमिका छोटे एवं मंझोले उद्यमों की भी। समावेशी विकास, गांवों-कस्बों में खेती से इतर रोजगार के अवसर के सृजन, किसानों के लिए मूल्य-संवर्धित सेवाओं के विकल्प और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की अपेक्षित भागीदारी के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे अपेक्षित पहल थी छोटे-मंझोले उद्यमों के लिए सुलभ वित्तपोषण की। इस अपेक्षा को यथार्थ में बदला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने, जो अपनी सफलता का आज पहला दशक पूरा कर रही है।

2015 में शुरू हुई 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत अबतक 52 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं। इस योजना ने भारतीय अर्थव्यवस्था को दस करोड़ से भी अधिक नये कारोबारी दिए हैं, जो प्रतिशत में 20 से भी अधिक हैं कुल ऋणलाभुकों के। इन नये कारोबारियों को दिया गया कुल ऋण दस लाख करोड़ से भी अधिक का है। ये आंकड़े न सिर्फ भारतीय उद्यम के बदलते चेहरे को दर्शाते हैं, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली की प्रगतिशील सोच एवं पहुंच को भी दिखाती है।

इस योजना के तहत पचास हजार रु पये के ऋण से लेकर बीस लाख रु पये तक के ऋण न सिर्फ भारतीय बाजार में नये उद्यमों और नये उद्यमियों के लिए जगह बना रहा है, बल्कि रोजगार के लिए भी करोड़ों अवसर पैदा कर रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2015 से 2018 के बीच तीन वर्षो में लगभग 1.12 करोड़ नये अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए थे।

इस दौरान लगभग 5.55 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए थे इस योजना के तहत। यदि इस सह-संबंध को अबतक दिए गए 32.40 लाख करोड़ के ऋण के अनुसार देखा जाए, तो पिछले एक दशक में लगभग 7 करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की वजह से। मुद्रा योजना ने न सिर्फ उद्यम का स्वरूप बदला है, उद्यमियों के भी प्रोफाइल में गुणात्मक परिवर्तन किए हैं।

इस योजना के तहत लगभग 35 करोड़ महिलाओं के खाते में ऋण दिए गए हैं। इस तरह मुद्रा योजना के तहत लाभार्थी उद्यमियों में महिलाओं का प्रतिशत दो तिहाई से भी अधिक है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय समाज-व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी इंगित करता है।

सामाजिक वर्ग के हिसाब से देखा जाए, तो इस योजना के तहत 8.5 करोड़ ऋण के खाते अनुसूचित जनजातियों के थे, लगभग 3 करोड़ अनुसूचित जनजातियों के और 14 करोड़ से भी अधिक खाते अन्य पिछले वर्ग के उद्यमियों के थे।

इस योजना के तहत 5.6 करोड़ उद्यमी अल्पसंख्यक थे, जिन्हें लगभग 3 लाख करोड़ रु पये का ऋण बैंकों द्वारा दिया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की सफलता एवं लोकप्रियता की वजह समझनी हो, तो एक आंकड़ा इसे सबसे बेहतर स्पष्ट कर देता है।

इस योजना के तहत 52 करोड़ बैंक खातों के लिए 33.19 लाख करोड़ रुपये के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए 2015 से अभी तक। उस 33.19 लाख करोड़ रु पये की ऋण-स्वीकृति में से 32.40 लाख करोड़ रु पये के ऋण जारी किए जा चुके हैं। जाहिर है, इस योजना की निगरानी सभी स्तरों पर प्रभावी रूप में हो रही है।

इस मुद्रा योजना ने भारतीय बाजार के स्वरूप को भी बड़े सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसे एक आंकड़े से समझा जा सकता है। इस योजना के 'शिशु' श्रेणी में, जिसमें अधिकतम ऋण 5०० रु पये का दिया जाता है, उसमें 2015-16 में ऋण का औसत आकार मात्र 19411 रु पये था, जो बीते साल में लगभग दुगुना हो गया-37400 रुपये। इस मुद्रा योजना के तहत 'शिशु' श्रेणी में ही तीन चौथाई से अधिक ऋण दिए गए हैं। इससे साफ स्पष्ट होता है कि बैंकों ने नये-नये उद्यमियों का स्वागत उद्यम-जगत में किया है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भारतीय भूभाग के पूरे फैलाव को बड़े रोचक तरह से प्रभावित किया है। एक तरफ इसने पिछड़े राज्यों में नये उद्यमियों की पौध खड़ी की है, तो वहीं विकसित राज्यों में भी उद्यमियों का नये तरीके से वित्तपोषण किया है। इस योजना के तहत सबसे अधिक 5.91 करोड़ ऋण के खाते बिहार में हैं और उसके बाद 5.80 करोड़ खाते तमिलनाडु में।

कहने की आवश्यकता नहीं कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एक साथ कई लक्ष्यों का संधान कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था समावेशी हो रही है, उसमें महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो रही है, गांव एवं कस्बों का योगदान कृषि से इतर हो रहा है और रोजगार के नये और बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। मुद्रा योजना सिर्फ वित्तपोषण की योजना नहीं है, यह विकसित भारत तक ले जाने वाला सोपान है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें जल्द ही आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे,

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होंगे। आपके द्वारा समाज में किये गये सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे,

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका काम जो आप काफी दिनों से कर रहे थे वह आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मानव हित में किये गये सराहनीय कामों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चो पर रोक लगाकर आप बचत करने के बारे में विचार करेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं वे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। आज आप किसी के भी मामले में उलझने से बचे।

तुला राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके काम करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे, लोग आपका अनुसरण करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज मित्रों से अपने मन की बात शेयर करने से आपके मन को सुकून मिलेगा। इसके साथ ही आपको नई-नई जानकारियां भी हासिल होंगी।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। आप कोई भी फैसला भावात्मक बातों में आकर न करके गलत फैसलों से बच जायेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप शाम के समय अपने माता-पिता के साथ किसी महत्वपूर्ण टॉपिक पर विचार विमर्श करेंगे,

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए विशेष रहने वाला है। आज आपको किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी।

मीन राशि : आज का समय आपके लिए अच्छा है। आज आपकी पारिवारिक समस्या हल होगी और आपके रुके काम में गति आएगी। आज सकारात्मक प्रवृति के लोगों की सलाह



कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है।



# वक्फ विवाद : ममता बोलीं, बंगाल में लागू ही नहीं होगा तो, बवाल क्यों? अमित मालवीय ने वीडियो शेयर कर साधा निशाना

कोलकाता (आरएनएस)। वक्फ संशोधन कानून के लागू हो जाने के बाद भी देश में इसके विरोध को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जहां तमाम विपक्षी दल केंद्र सरकार के इस कानून का विरोध कर रहे हैं वहीं कई मुस्लिम संगठन भी इसके विरोध में सड़कों पर उतरने की धमकी दे रहे हैं। इस कानून के खिलाफ और इसके पक्ष में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में भी डाली गई हैं। इस सबके बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद सहित कई हिस्सों में इस कानून के विरोध में सड़कों पर जमकर हंगामा काटा गया। जिसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। जिसको लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक टीएमसी नेता का वीडियो साझा कर ममता बनर्जी पर इस हंगामे को भड़काने का आरोप लगाया। दरअसल, सीएम ममता बनर्जी की अपील के बाद भई पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम संगठन सड़कों पर हैं। इसी बीच भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सीएम ममता पर गंभीर आरोप लगाए। मालवीय ने ममता बनर्जी को झूठी बताते हुए उन पर हिंसा भड़काने और सांप्रदायिक तनाव को हवा देने का आरोप लगाया।

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ममता बनर्जी झूठी हैं। वक्फ संशोधन पर व्यापक असंतोष को भड़काने वाली वे पहली व्यक्ति थीं - जबकि जेपीसी और संसद अभी भी इसके पुराने प्रारूप के दुरुपयोग को रोकने और नए कानून में सुरक्षा उपाय जोड़ने के प्रावधानों पर चर्चा कर रहा था। उन्होंने सक्रिय रूप से हिंसा को उकसाया और प्रायोजित किया, खासकर शुक्रवार की नमाज के बाद।

उन्होंने आगे दावा किया कि पश्चिम बंगाल के राज्य पुस्तकालय मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी, जो जमीयत उलेमा-ए-हिंद की राज्य इकाई के प्रमुख भी हैं, उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा, मुख्यमंत्री के कार्यालय से एक कॉल आया जिसमें कहा गया कि वह इस तरह की भीड़ को देखकर बहुत खुश हैं। मालवीय ने इस बयान का एक वीडियो भी अपने पोस्ट के साथ साझा किया और ममता के द्वारा सोशल मीडिया पर की गई शांति की अपील वाली पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा।

मालवीय ने आगे ममता को इंगित कर लिखा, अब वह फिर से झूठ बोल रही हैं, दावा कर रही हैं कि वह इस कानून को राज्य में लागू नहीं करेंगी। सच तो यह है कि किसी भी राज्य सरकार के पास भारतीय संसद द्वारा पारित कानून को रोकने का अधिकार नहीं है। ममता बनर्जी के पास इसका पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह सांप्रदायिक हिंसा और उसके बाद हुई दुखद जानमाल की हानि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

बता दें कि इससे पहले शनिवार को ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक एक्स पोस्ट के जरिए राज्यवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। उन्होंने लिखा, सभी से अपील... सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत और संयमित रहें। धर्म के नाम पर किसी भी अधार्मिक व्यवहार में शामिल न हों। हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे मत भड़काओ। जो लोग दंगा कर रहे हैं, वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने कहा, याद रखिए, हमने वह कानून नहीं बनाया है जिसे लेकर बहुत से लोग नाराज हैं। यह कानून केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया था। इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र सरकार से मांगा जाना चाहिए। हमने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है - हम इस कानून का समर्थन नहीं करते हैं। यह कानून हमारे राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। तो फिर दंगा किस बात पर है?

उन्होंने आगे कहा कि यह भी याद रखें कि हम दंगा भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। हम किसी भी हिंसक गतिविधि का समर्थन नहीं करते हैं। कुछ राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं।




पटना में वक्फ (संशोधन) विधेयक और बढ़ती महंगाई के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और तंजीम-ए-इंसाफ के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया.



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में भगवान श्री हनुमान जयंती के अवसर पर पितृ पर्वत का दौरा किया.

# भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क में काम करेगा, लेकिन सुधार जरूरी : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत हमेशा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के फ्रेमवर्क में ही काम करेगा, लेकिन डब्ल्यूटीओ में सुधार जरूरी हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने विकासशील देशों की परिभाषा का दोबारा मूल्यांकन करने की जरूरत समझाई और ई-कॉमर्स नियमों, कृषि निर्णयों और मत्स्य पालन वार्ताओं पर स्पष्टता का आह्वान किया।

उन्होंने 9वें ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में कहा, भारत हमेशा डब्ल्यूटीओ फ्रेमवर्क के भीतर काम करेगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित हमारे द्विपक्षीय समझौते इसके दायरे में काम करते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने वैश्विक व्यापार को नया रूप देने में खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विश्वसनीय भागीदारों के साथ भारत के लिए आगे के अवसरों पर प्रकाश डाला। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, भारत में अवसरों की भरमार है। अगले दो से ढाई दशकों में भारत 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं के बल पर आठ गुना वृद्धि करेगा।

इससे घरेलू मांग में भारी वृद्धि होगी और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले पैमाने के लाभ मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में ही कम से कम आठ उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए हैं, जो देश के साथ मजबूत व्यापार संबंध बनाने में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के मौजूदा टैरिफ संरक्षण उपाय मुख्य रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा, भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय साझेदारी करने के लिए अच्छी स्थिति में है जो पारस्परिकता, विश्वास और निष्पक्षता को महत्व देते हैं। भारत के व्यापार निर्णयों पर बाहरी दबाव की चिंताओं को खारिज करते हुए गोयल ने कहा, कोई दबाव नहीं है। भारत के पास ऐसे अवसर होना अपने आप में बहुत रोमांचक है।

आज हमारे निर्यात हमारे सकल घरेलू उत्पाद का अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा हैं, लेकिन हमारा मजबूत घरेलू बाजार और महत्वाकांक्षी युवा भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। चीन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत हमेशा अपने हितों को सबसे पहले रखेगा। अभी तक, चीन से बहुत कम एफडीआई आया है और ऐतिहासिक रूप से भी, चीनी निवेश न्यूनतम रहा है। हमारा प्रयास उन विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ इंटीग्रेशन पर केंद्रित है, जिनकी बिजनेस प्रैक्टिस सही मायने में बेहतर हैं।

# हनुमान जयंती के दिन सुल्तानपुर में खुदाई के दौरान निकली पांच फीट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति

सुल्तानपुर (आरएनएस)। सुल्तानपुर जिले के कूरेभार क्षेत्र के फूलपुर गांव में हनुमान जयंती के अवसर पर एक घर में खुदाई के दौरान लगभग पांच फीट लंबी प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति प्राप्त हुई है। यह घटना उस समय घटी, जब गांव निवासी कालीदीन पांडेय अपने घर के बाहर शौचालय के टैंक के लिए जेसीबी से गड्ढा खुदवा रहे थे। खुदाई के दौरान जेसीबी के किसी ठोस चीज से टकराने की आवाज आई, जिसके बाद मजदूरों से सावधानीपूर्वक खुदाई करवाई गई। धीरे-धीरे जब खुदाई आगे बढ़ी तो एक विशाल पत्थर की मूर्ति बाहर आई। इस घटना की जानकारी गांव में फैलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मूर्ति को देखने के लिए उमड़ पड़ी। यह घटना ठीक हनुमान जयंती के दिन हुई, इसलिए लोगों में इसे लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह महज संयोग नहीं, बल्कि भगवान की कृपा है कि ऐसे शुभ दिन पर उनकी प्रतिमा प्राप्त हुई।

पुजारी सोनू दास जी महाराज ने इसे एक सौभाग्यपूर्ण और आध्यात्मिक संकेत बताते हुए कहा कि यह मूर्ति संभवत: मुगलकालीन है और यह स्थान वीर बजरंगबली की विशेष कृपा का केंद्र है।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को देहरादून में उपनल कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित धन्यवाद समारोह में सम्मानित किया गया.

# जज ने कविता लिख दुष्कर्मी को सुनाई फांसी, कहा-बच्ची ने सिसकियां ले मम्मी-पापा को याद किया

सिवनी मालवा, (आरएनएस)। नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में 6 साल की नाबालिग बालिका को इंसाफ मिल गया है. दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी अजय वाडीवा को प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने फांसी की सजा सुनाई है. शुक्रवार शाम को जज ने मार्मिक कविता लिखते हुए इस फैसले को सुनाया है. न्यायालय ने आरोपी पर 3000 का जुर्माना एवं दुष्कर्म एवं हत्या के अपराध के लिए धारा 137(2), 64, 65(2), 103(1), 66 बीएनएस 5 (एम), 6 पॉक्सो में मृत्युदंड एवं पीडिता के माता-पिता को चार लाख रुपये का प्रतिकर स्वरूप दिये जाने का आदेश दिया है. एडीपीओ मनोज जाट ने बताया कि, घटना दो जनवरी 2025 की रात की है. आरोपी अजय 6 वर्ष की मासूम बालिका को घर से उठाकर लेकर गया और नहर के किनारे झाड़ियां में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. बालिका जब चिल्लाई तो उसका मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि, आरोपी ने शव को झाड़ियां में फेंक दिया. सिवनी मालवा पुलिस ने 24 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष 10 दिन के भीतर ही चालान प्रस्तुत किया.

# पी चिदंबरम ने की मोदी सरकार की तारीफ, तहव्वुर राणा की भारत वापसी को सराहा

नईदिल्ली,12 अप्रैल (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड 16 साल बाद भारत आ गया है. आतंकी तहव्वुर राणा के सफल प्रत्यर्पण के लिए पूर्व गृह मंत्री ने मोदी सरकार की प्रशंसा की है. उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में इस प्रक्रिया में तेजी आई थी. 2008 में जब मुंबई में आतंकी हमला हुआ था, तब कांग्रेस नेता पी चिदंबरम भारत के गृह मंत्री थे.

तत्कालीन गृहमंत्री ने कहा कि उस वक्त के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के लिए अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा कि इसकी प्रक्रिया साल 2009 में शुरू हो गई थी. इसके बाद 2011 में प्रक्रिया में तेजी आई क्योंकि अमेरिकी खूफिया एजेंसियों ने राणा की पहचान की. चिदंबरम ने कहा कि मैं भारत के विदेश मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और एनआईए को बधाई देता हूं कि वे लंबी लड़ाई के बाद राणा को भारत लाने में सफल हुए.

उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि वर्तमान की मोदी सरकार के साथ-साथ कई मंत्रियों और अधिकारियों की अहम भूमिका के कारण ही राणा भारत आ सका है. मैं भारत सरकार को बधाई देता हूं. चिदंबरम ने अमेरिका की सरकार को भी धन्यवाद दिया है.

बता दें, दो दिन पहले यानी गुरुवार को एनआईए और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त टीम तहव्वुर राणा को लेकर भारत पहुंची थी. दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग हुई थी. एयरपोर्ट पर ही राणा का मेडिकल करावाया गया.

## कभी था बेहद खास.. अब तहव्वुर राणा के खिलाफ बनेगा मिस्ट्री गवाह,एनआईए कराएगी आमना-सामना

नई दिल्ली (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ शुरू कर दी है। एजेंसी उसकी 18 दिन की रिमांड पर है और इस दौरान वह आईएसआई, लश्कर और भारत के अन्य शहरों को निशाना बनाने की साजिश के बारे में जवाब चाहती है। मुताबिक, राणा का सामना एक गुप्त गवाह से करवाया जाएगा, जो 2006 में मुंबई में डेविड हेडली का स्वागत कर चुका है। यह गवाह राणा का बेहद करीबी रहा है और अब उसके खिलाफ ह्ब्ब का अहम हथियार बन सकता है। सुरक्षा कारणों से अदालत में उसकी पहचान को छिपाया गया है।

बताया जा रहा है कि हेडली ने पाकिस्तान में ढ्ढस्ढ्ढ और लश्कर के आतंकियों से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी। उसने मुंबई पहुंचकर वीडियो सर्वे किया था, जिसमें राणा के करीबी ने उसकी मदद की थी। ह्ब्ब का दावा है कि राणा ने हेडली के साथ मिलकर न सिर्फ मुंबई, बल्कि भारत के अन्य शहरों में भी हमले की साजिश रची थी।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में एनडीए की बैठक को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित करते हुए, जबकि बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में मौजूद हैं।




उत्तराखंड के रा%यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने राधा रतूड़ी को रा%य मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई, जबकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के राजभवन में एक समारोह के दौरान देख रहे थे।

# वक्फ बिल पर संसद में नेता प्रतिपक्ष की चुप्पी से मुस्लिम समाज में आक्रोशः मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ कानून को लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान वक्फ बिल पर जिस तरह चुप्पी नेता प्रतिपक्ष ने साध रखी थी, इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है।


बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना, अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश और इनके इंडी गठबंधन में भी बेचैनी स्वाभाविक है।

उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर उन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावे से बचना जरूरी है।

मायावती ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है। साथ ही, बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंतनीय हैं। सरकार जनकल्याण का संवैधानिक दायित्व सही से निभाए।

ज्ञात हो कि वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 कानून बन गया है। संसद के दोनों सदनों से पारित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। वहीं, नए कानून को कांग्रेस, एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी (आप) ने अलग-अलग याचिकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। यूपी में प्रदर्शन को लेकर पुलिस काफी अलर्ट है। धर्मगुरु भी अपील कर रहे हैं कि उग्र प्रदर्शन न करें। कुछ विपक्षी दल भी प्रदर्शन में सहयोग की बात कर रहे हैं।



अभिनेता रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म %जाट% को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने अपने करियर के कुछ अनछुए पहलुओं पर बात की। रणदीप ने रणबीर द्वारा फिल्म हाईवे के प्रमोशन और अपनी फिल्म %बैटल ऑफ सारागढ़ी% के बंद होने के बारे में भी खुलकर बात की। ॥ शुभंकर मिश्रा के साथ उनके यूट्यूब पॉडकास्ट पर रणदीप हुड्डा ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया कि हाईवे के प्रमोशन से बाहर रखे जाने पर उन्हें बुरा लगा था। अभिनेता ने कहा, %ये पता नहीं क्यों हुई थी।



# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर : ईशा मालवीय



टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते।

साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए।

अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए।

उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था। वह पांव की जूती जैसे म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं। इसके अलावा, उन्होंने गौहर खान के साथ शो लवली लोला में भी काम किया।

क्या उन्हें अपने से पूरी तरह अलग किरदार निभाना ज्यादा मुश्किल लगता है या ऐसा किरदार जो उनके व्यक्तित्व से मिलता-जुलता हो? इसके जवाब में ईशा ने कहा, यह मुझे एक अलग तरह की खुशी देता है और मेरे आत्मविश्वास को बहुत बढ़ाता है। इससे मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक बहुमुखी अभिनेत्री हूं, जो किसी भी तरह का किरदार निभा सकती हूं। ईमानदारी से कहूं तो किसी भी किरदार को निभाते समय मुझे कभी कोई हिचकिचाहट नहीं हुई, यह मेरे दिमाग में कभी नहीं आया।

### विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा की नई रिलीज डेट अनाउंस, अब 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

विष्णु मांचू स्टारर अपकमिंग माइथोलॉजिकल ड्रामा फिल्म कन्नप्पा 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थी. अपकमिंग माइथोलॉजिकल ड्रामा फिल्म कन्नप्पा की रिलीज डेट ऑफिशियली चेंज कर दी गई है. मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है. लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक स्पेशल बैठक के दौरान यह घोषणा की गई, जहां फिल्म की टीम ने एक शानदार पोस्टर को लॉन्च करते हुए फिल्म मेकिंग की झलक दिखाई.

फिल्म की नई रिलीज डेट 27 जून, 2025 तय की गई है, फिल्म को इसके पोस्ट-प्रोडक्शन में देरी होने के कारण पोस्टपोन किया गया है. मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित यह

# निक्की तंबोली ने इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।



निक्की तंबोली ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनकी हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस ने ओवरसाइज्ड व्हाइट शर्ट पहनी थी, साथ ही लाइट मेकअप और खुले बालों में उनका लुक परफेक्ट था. लॉन्ग बूट्स में पोज देते हुए निक्की ने अपने फैंस को हैरान कर दिया. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस ने जमकर प्यार लुटाया है. कई लोग उनके लुक्स की तारीफ करते हुए कमेंट्स कर रहे हैं. निक्की का यह नया पोस्ट उनके फॉलोवर्स के बीच हॉट ट्रेंड बन चुका है, और अब उनकी तस्वीरें हर जगह छाई हुई हैं. एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं। निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं।

अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

# प्रतीक गांधी-पत्रलेखा की फिल्म फुले की रिलीज टली, अब 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म

प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फिल्म 'फुले' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लेकिन अब इस फिल्म के चाहने वालों के लिए झटका देने वाली खबर है। क्योंकि रिलीज से ठीक पहले फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया है। अब ये फिल्म अपनी निर्धारित तिथि 11 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की एक प्रमुख वजह फिल्म को लेकर उठे राजनीतिक विवाद को माना जा रहा है। जिस वजह से फिल्म अब दो हफ्ते आगे बढ़ गई है।

समाज सुधारक ज्योतिराव फुले और उनकी पत्नी सावित्री फुले के जीवन पर आधारित 'फुले' पहले 11 अप्रैल को रिलीज होनी थी। लेकिन अब मेकर्स ने ये साफ कर दिया है कि फिल्म 11 अप्रैल को नहीं बल्कि 25 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से ठीक पहले अचानक फिल्म को आगे बढ़ाने की वजह तो अभी साफ नहीं हुई है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि इसके आगे बढ़ने की वजह फिल्म को लेकर उठ रहा विवाद हो सकता है। फिल्म में ज्योतिराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जाति और लैंगिक अन्याय को लेकर किए गए संघर्ष को दिखाया गया है।

फिल्म को लेकर कुछ एक ब्राह्मण समुदायों ने आपत्ति जताई। इनका कहना है कि फिल्म ब्राह्मणों को बदनाम करने का प्रयास करती है। साथ ही जातिवाद को बढ़ावा देती है। ब्राह्मण समुदायों की ओर से ये भी कहा गया कि फिल्म में अश्वेत ब्राह्मण समुदाय की मदद को दिखाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि फिल्म की कहानी एकतरफा जान पड़ती है, जबकि इसे समावेशी होना चाहिए।

# भूल चूक माफ का ट्रेलर रिलीज, वामिका के साथ शादी की गुत्थी सुलझाते नजर आए राजकुमार राव

स्काई फोर्स और छावा के साथ दिल जीतने के बाद, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स एक नई लव स्टोरी भूल चूक माफ के साथ वापस आ गई है. इस दिल को छू लेने वाली रोमांटिक कॉमेडी का ट्रेलर रिलीज किया गया है. भूल चूक माफ में पहली बार राजकुमार राव और वामिका गब्बी एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे.

मैडॉक फिल्म्स ने भूल चूक माफ का ट्रेलर सोशल मीडिया पर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, तितली है रंजन का प्यार, हल्दी पर अटका है उसका संसार,तो देखने जरूर आइएगा इनकी कहानी विद परिवार. एक भसड़ वाली शादी के लिए तैयार हो जाइए जहां सब कुछ गलत हो जाता है.

भूल चूक माफ के ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार राव की कॉमिक टाइमिंग की झलक से होती है, जिसमें उनके परिवार और वामिका के बीच बातचीत होती है. दोनों का परिवार पुलिस थाने में होते हैं, जहां तितली का किरदार निभा रहीं वामिका का परिवार, रंजन (राजकुमार राव) को 2 महीने में सरकारी नौकरी का चैलेंज देता है. इस चैलेंज के लिए रंजन मंदिर में मन्नत मांगने जाते हैं, जहां अगल-अगल तरीके से मन्नत मांगते दिखते हैं.

सरकारी नौकरी मिलने के बाद उनकी शादी तय हो जाती है. शादी के बीच एक ट्विस्ट आता है. रंजन की शादी टाइम लूम में फंस जाती है. राजकुमार राव हर दिन 29 तारीख को होने वाली अपनी हल्दी की रस्म से परेशान हो जाते हैं. वह एक दिन बाद यानी 30 तारीख को होने वाली शादी का इंतजार करता है. लेकिन वह दिन कभी नहीं आता. अब देखने होगा कि इस टाइम लूप की समस्या कैसे खत्म होगी. क्या इस टाइम लूप से राजकुमार राव बाहर आ पाएंगे या नहीं.

वाराणसी के बैकग्राउंड पर आधारित यह फिल्म रंजन नाम के एक रोमांटिक व्यक्ति की कहानी है, जो अपने प्यार तितली को पाने के लिए सरकारी नौकरी पाने में सफल होता है. लेकिन शादी से ठीक पहले वह टाइम लूप में फंस जाता है. 15 दिन से एक ही दिन में फंसकर रंजन को यह पता लगाना होगा कि क्या गलत हुआ, महादेव ने उसकी जिंदगी में विराम क्यों लगाया और चीजों को सही करने के लिए क्या करना होगा.

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ का निर्देशन करण शर्मा ने किया है. फिल्म की स्टार कास्ट में राजकुमार राव, वामिका गब्बी और सीमा पाहवा मुख्य भूमिकाओं में हैं. जबकि संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, सीमा भार्गव पाहवा, रघुबीर यादव, इश्तियाक खान, अनुभा फतेह पुरिया, जय ठक्कर और प्रगति मिश्रा को-स्टार के तौर पर नजर आएंगे. यह फिल्म 9 मई, 2025 को स्क्रीन पर आएगी. फिल्म का निर्माण दिनेश विजन ने मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले किया है. प्रोडक्शन हाउस ने हाल ही में 2025 में छावा और स्काई फोर्स जैसी हिट फिल्में बनाई हैं.

### सलमान खान की सिकंदर ने तोड़ा दम, अब बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों से होगा सामना

सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक सलमान खान की सिकंदर भी है। ईद के मौके पर आई इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी हालत पस्त है।

पहले दिन से यह टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई में गिरावट जारी है।

आइए जानें सिकंदर ने 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने अपनी रिलीज के 11वें दिन 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 107.10 करोड़ रुपये हो गया है।

सिकंदर के निर्देशन की कमान एआर मुरुगदॉस ने संभाली है, जिन्हें आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म गजनी के लिए जाना जाता है।

# बच्चों को फोन से दूर रखने के लिए अपनाएं ये 5 कला गतिविधियां, मिलेंगे कई फायदे

आजकल बच्चों के लिए मोबाइल फोन या टैबलेट से दूर रहना मुश्किल हो गया है। यह न केवल उनकी आंखों के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल सकता है।



इस लेख में हम आपको कुछ सरल कला गतिविधियों के बारे में बताएंगे, जो आपके बच्चों को फोन से दूर रखकर उनकी रचनात्मकता बढ़ा सकती हैं और उन्हें खुश रख सकती हैं।

चित्रकारी करना सीखें

चित्रकारी एक बहुत ही मजेदार और रचनात्मक गतिविधि है, जो बच्चों को फोन से दूर रख सकती है।

आप अपने बच्चे को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी सिखा सकते हैं जैसे कि पानी वाले रंग, पेंसिल रंग या अन्य रंग।

इसके लिए आपको बस कुछ रंग, ब्रश और कैनवास की जरूरत होगी। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी और वे नई चीजें सीखेंगे।

हस्तकला बनाना

हस्तकला बनाना बच्चों के लिए बहुत ही मजेदार हो सकता है।

इसके लिए आप पुराने अखबार, गत्ते, कपड़े आदि का उपयोग कर सकते हैं और उनसे अलग-अलग प्रकार की चीजें बना सकते हैं जैसे कि टोपी, बैग, खिलौने आदि। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति भी बढ़ेगी और वे नई चीजें बनाने में रुचि दिखाएंगे।

इसके अलावा यह गतिविधि उनके हाथों की कलाकारी को भी निखारती है।

संगीत बजाना अगर आपके बच्चे संगीत बजाने में रुचि रखते हैं तो उन्हें गिटार, पियानो या किसी अन्य वाद्य यंत्र सीखने दें।

संगीत सुनना और बजाना दोनों ही गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालती हैं। इससे उनकी एकाग्रता क्षमता बढ़ती है और वे तनाव मुक्त महसूस करते हैं।

इसके अलावा संगीत बजाना बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा तरीका भी है, जिससे उनकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति में वृद्धि होती है।

बागवानी करना

बागवानी एक ऐसी गतिविधि है, जो बच्चों को प्रकृति के करीब लाती है और उन्हें जिम्मेदारी लेना सिखाती है।

आप अपने बच्चे को छोटे-छोटे पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिसे वे खुद देखभाल कर सकें। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी जिम्मेदारी निभाने की भावना भी विकसित होगी। इसके अलावा बागवानी बच्चों को धैर्य और समर्पण सिखाती है, जो उनके व्यक्तित्व विकास में मददगार होती है।

डांस करवाएं

डांस एक तरह की कला है, जो सदियों से लोगों के दिलों को लुभा रही है। यह भावनाओं को व्यक्त करने का अच्छा तरीका है, जो आपको आनंदित महसूस कराता है।

# लोगों के बीच बहुत प्रचलित हैं लहसुन से जुड़े ये भ्रम, जानें इनकी सच्चाई

लहसुन न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह कई औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है।



हालांकि, लहसुन को लेकर कई भ्रम प्रचलित हैं, जिन्हें जानकर आपको हैरानी हो सकती है।

इस लेख में हम लहसुन से जुड़े ऐसे ही भ्रमों की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि ये कितने सही हैं। इससे आपको लहसुन के असली फायदों और इसके उपयोग के सही तरीकों के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे आप अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें।

भ्रम- लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है

यह सबसे आम भ्रम है कि लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है। हालांकि, सच यह है कि अगर आप नियमित रूप से लहसुन का सेवन करते हैं तो आपकी सांसों में दुर्गंध नहीं होती है।

दरअसल, लहसुन में एक खास तत्व होता है, जो बैक्टीरिया को खत्म करता है और मुंह की बदबू को दूर करता है। इसलिए लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध नहीं आती, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

भ्रम- लहसुन का सेवन करना गर्मियों में सही नहीं है

गर्मियों में लहसुन खाने से शरीर में गर्मी बढ़ती है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है।

असल में लहसुन में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

गर्मियों में लहसुन का सेवन करने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं जैसे कि पाचन तंत्र बेहतर होता है और रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है। इसलिए गर्मियों में भी लहसुन का सेवन करना सुरक्षित है।

भ्रम- गर्भवती महिलाओं को लहसुन नहीं खाना चाहिए

गर्भवती महिलाओं को लहसुन न खाने देने का यह भ्रम भी गलत है।

वास्तव में गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है क्योंकि इसमें विटामिन्स और खनिज होते हैं, जो मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद होते हैं।

हालांकि, किसी भी चीज की अति नुकसानकारी हो सकती है इसलिए संतुलित मात्रा में लहसुन का सेवन करना चाहिए।

इस प्रकार गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है और इसे संतुलित मात्रा में शामिल किया जा सकता है।

भ्रम- लहसुन खाने से रक्तचाप कम होता है

लहसुन खाने से रक्तचाप कम होने का भ्रम भी फैलाया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है।

हालांकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि लहसुन खाने से रक्तचाप थोड़ी बहुत कम हो सकती है, लेकिन इसे इलाज का विकल्प नहीं माना जा सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -015


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) थाना मझगवॉ में सुबह ग्राम धनगवॉ में एक महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन करने से मृत्यु होने की सूचना पर ग्राम धनगवॉ पहुंची पुलिस को राजभान गौतम उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम धनगवॉ ने बताया कि वह खेती किसानी करता है उसके 2 बच्चे हैं उसकी पत्नि संगीता का शादी के पूर्व से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, ससुरल वाले व उसके द्वारा पत्नि का जबलपुर में इलाज चल रहा था , कभी कभी घर से चली जाती थी तथा किसी के भी साथ मारपीट कर देती थी, दोपहर में सब्जी बेचने बघराजी बाजार गया था



**फसलों में आग लगने से हुए प्रभावित किसानों से मिलने पहुंचे सांसद, घटनास्थल का किया मुआयना**

# घटना दुर्भाग्यपूर्ण,किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी-आशीष दुबे





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रविवार को जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे सिहोरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम मोहतरा, ग्राम बंधा एवं ग्राम अलगोड़ा पहुंचे जहां उन्होंने विगत दिनों आग के चपेट में आकर गेहूं के फसल में हुईं हानि से प्रभावित किसानों से मिलकर घटना के संबंध में चर्चा की एवं घटना स्थल पहुंचकर मुआयना भी किया।

सांसद श्री दुबे ने घटना स्थल का मुआयना किया एवं साथ ही राजस्व की टीम के साथ हुए फसल की नुकसान की जानकारी भी ली इस घटना से आहत हुए किसानों को जल्द से जल्द प्रशासन की ओर से मुआवजा मिले एवं भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इस विषय पर भी चर्चा की।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि फसलों में लगी आग के कारण किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है ये एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है हमारी कोशिश है कि प्रशासनिक स्तर पर किसानों को अधिक से अधिक जल्द राहत मिल सके जिसके लिए राजस्व की टीम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आज निरीक्षण किया है आगे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो हमें इसके लिए भी सावधान रहने की आवश्यकता है इस घटना में आहत हुए किसान एवं परिवारों से मिलकर उनसे भी बात की है हम सभी उनके साथ हैं जल्दी ही उन्हें प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दिलाने का प्रयास रहेगा। इस दौरान विधायक संतोष बड़कडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, जिला पंचायत सदस्य पुष्पराज बघेल, राजा मोर ,राजमणि बघेल, मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया ,नीलू बाजपेई आदि उपस्थित थे।

**मंगलवार,15 अप्रैल को सांसद श्री आशीष दुबे जी आमजनों-पार्टीजनों से भेंट करेंगे**

जबलपुर,14 अप्रैल।माननीय सांसद श्री आशीष दुबे दिनांक 15 अप्रैल,मंगलवार को दोपहर 1:00 से 4:00 बजे के मध्य सांसद कार्यालय,होम साइंस कॉलेज रोड में आमजनों व पार्टीजनों से भेंट करेंगे।

# ज्ञान कल्याणक पर उमडी आस्था भगवान की आहार चर्या कराने श्रद्धालुओ की रही भीड



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बहोरीबंद भगवान आदि कुमार छै माह पश्चात आहार के लिए निकले राजा सौम और राजा श्रेयांश ने इच्छु रस का आहार नवदा भक्ति पूर्वक पडगाहन के पश्चात दिए तभी से आज तक दान तीर्थ का प्रवर्तन निरंतर चल रहा है श्रवणो को श्रावको द्वारा आहार दान की प्रक्रिया वर्तमान में आदिनाथ के काल से आज भी निरंतर प्रवाहमान है साधुओं के रत्नत्रय के पालन में ग्रहस्तों द्वारा तप वृद्धि हेतु आहार दान दिया जाता है पंचकल्याणक के चतुर्थ दिवस आहार की चर्या विधि नायक भगवान पर की गई आदिनाथ द्वारा असी मसी कृषि विद्या शिल्प वाणिज्य आदि 72 कलाओं का उपदेश प्रजा को दिया गया अंक और अक्षर विद्या का प्रारंभ ब्राह्मी और सुंदरी को देकर किया गया आदि कुमार आहार के पश्चात वन गमन कर गए जहां घनघोर तप करते हुए आत्म ज्ञान को प्राप्त हुए यह आत्मज्ञान केवल ज्ञान का रूप धारण कर मोक्ष प्राप्त कराएगा प्रतिष्ठा महोत्सव में सभी क्रियाएं जन समुदाय के मध्य की गई

उक्त आशय के सारगर्भित उद्गार मुनिपुंगव सुधासागर जी मुनि श्री प्रसाद सागर जी ससंघ के सानिद्ध मे भगवान के ज्ञान कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल धर्मसमा मे व्यक्त किये ज्ञान कल्याणकया दिवस पर प्रात:मंदिर की प्रांगण मेंचल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में .भगवान का अभिषेक शांति धारा पूजन एवं भगवान की आहारचार्य पडगाहन आदि के कार्यक्रम शांनंद संपन्न किए गए

# राजराजेश्वरी माँ बूढ़ी खेरमाई का भंडारा सम्पन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मां भगवती बूढी खेरमाई मंदिर में आज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती का पूजन अर्चन आरती करने के पश्चात भंडारा ग्रहण किया इसी कड़ी में मां बूढी खेरमाई भक्तों के द्वारा हनुमान ताल सीसी श्री सुनील नेम जी एवं हनुमान ताल थाना प्रभारी श्री धीरज राज जी का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। माँ भगवती एवं हमारे आराध्य प्रभु श्री राम के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध जिस प्रकार की कार्यवाही प्रशासन के द्वारा की गई है वह सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाने और सनातन परंपरा को बनाए रखने हेतु अति आवश्यक थी। जिस परिपेक्ष्य में माँ बूढ़ी खेरमाई भक्त परिवार के पं.सौरभ दुबे, पं. सिद्धांत पाठक, सावन साहू, दीपक यादव, रचित मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा, प्रशांत गुप्ता एवं समस्त बूढ़ी खेरमाई भक्त परिवार के सदस्यों ने प्रशासन का सम्मान किया।

## डॉ.गिरीश पाठक लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



जबलपुर। नगर के शल्य चिकित्सकों प्रतिष्ठित संस्था सर्जन एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में नगर के प्रसिद्ध वरिष्ठ सर्जन डॉ. गिरीश पाठक पूर्व प्रोफेसर सर्जरी, सुखसागर मेडिकल कॉलेज को शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में दी गई महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए %लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड% से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.रैना, डॉ.के.के. शुक्ला,डॉ.अनिल दुबे एवं सर्जन्स क्लब के अध्यक्ष डॉ.विशाल कालिया के द्वारा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि डॉ.गिरीश पाठक 1995 में स्थापित इस संगठन के वरिष्ठतम सदस्यों में से है। पूर्व में आपके द्वारा रेलवे हॉस्पिटल जबलपुर में सर्जिकल वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस आदि सफलतापूर्वक आयोजित की गई थीं।

**मॉडल स्कूल मे जिले के प्रचार्यो की समीक्षा बैठक मे जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश**

# नये शैक्षणिक सत्र मे पढ़ाई पर रहे फोकस एवं शासन की सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन होना जरुरी-डीईओ घनश्याम सोनी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नये शैक्षणिक सत्र मे बच्चों की पढ़ाई पर सभी को फोकस करना जरुरी है एवं इसी के साथ साथ सभी प्राचार्य विभाग मे. शासन की योजनाओं का समय पर सफल क्रियान्वयन हो, उक्त निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर श्री घनश्याम सोनी के द्वारा जिले के सभी शास विद्यालयों के प्रचार्यो की समीक्षा बैठक मे दिए गए। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा विकासखंडवार संकुल प्रचार्यो की विस्तृत समीक्षा की। बैठक मे डीईओ श्री सोनी ने प्राचार्यो से शाला की अधोसंरचना, विद्यालय के निर्माण कार्य,कक्षाओं मे लगे पंखो की जानकारी, विद्यालय मे उपलब्ध ह्यद्धशह्वष्द्गड्डद्घड्ड4/पेयजल की जानकारी, ऐजुकेशन पोर्टल 3.0 के सम्बन्ध मे जानकारी, विद्यालय मे नामांकन, अपार आईडी का कार्य, गुरूजी के प्रस्ताव, ब्रिज कोर्स, पुस्तक एवं साईकिल वितरण,समग्र शिक्षा अभियान के उपयोगिता प्रमाण पत्र,वरिष्ठता सूची, न्यायालयीन प्रकरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, छात्वृत्ती, मूल्यांकन कार्य, खेलकूद से सम्बमधित जानकारी, नया सेटअप जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान ऋक्र के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक संजय मेहरा,सहायक संचालक श्री आर के बधान, क्चश्वह्र पाटन श्री गौतम बर्बे, क्चश्वह्र मझौली श्री अतुल चौधरी, क्चश्वह्र कुण्डम सुश्री पूनम बरकडे, क्चश्वह्र जबलपुर श्रीमती सरिता तंतुवाय, क्चश्वह्र श्री बीएल कुर्वेती, क्चश्वह्र सिहोरा, क्चश्वह्र पनागर, जिले के सभी प्राचार्य, समस्त क्चक्रष्ट, जिला शिक्षा केंद्र के सभी क्रष्ट, उपयंत्री सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# पनागर में डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती सामाजिक समरसता संगोष्ठी संपन्न





**रुजल गंगा संवर्धन अभियान**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटातालएएवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम परामर्शदाता ;मेंटर्सद्ध के द्वारा आज संस्कार केंद्र ग्राम कुशनेर में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती सामाजिक समरसता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित करके उनके आदर्शों को नमन करते हुऐ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित युवाओं एवं ग्राम वासियों को बाबा साहब डॉण्भीमराव अंबेडकर जी के बारे में विस्तार से बताया गया एवं उनके द्वारा भारतीय संविधान पर चर्चा की गई कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहियाएपरामर्शदाता मनोज प्रजापति आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता विमला चौधरीएजीआरएस राखी प्रजापतिए प्रहलाद लोधीए राजेश सोनीएहर्ष गोस्वामीएअंकित पटेलए आदर्श सेन ए चंदनी चौधरीए श्रद्धाए निधि के साथ प्रस्फुटन समिति सदस्यएछात्र छात्राओ एवं ग्राम के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिलाअधिवक्ता संघ जबलपुर एवं मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज सिल्वर जूली हाल में भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जी का 134 वा जन्मदिवस बड़े हर्ष व उल्लास के साथ माननीय मुख्य न्यायमूर्ति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय श्री सुरेश कुमार कैत जी के मुख्य अतिथि तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान आलोक अवस्थी जी श्री राधेलाल गुप्ता जी अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के विशिष्ट अतिथि तथा मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिलाअधिवक्ता संघ जबलपुर व श्री धन्य कुमार जैन अध्यक्ष मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश गण व वरिष्ठ अधिवक्ता तथा सम्माननीय अधिवक्ता गण की उपस्थिति में मनाया गया सभी ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए अपनी-अपनी बात कही माननीय मुख्य न्यायमूर्ति महोदय द्वारा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए उनके कार्यों की व्याख्या की मंच का संचालन परितोष त्रिवेदी सचिव मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा किया गया मंच पर जिलाअधिवक्ता संघ के सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं अत्यधिक सॉलिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# सामाजिक समानता सर्व धर्म सद्भाव अंबेडकर के सपनों को मूर्तरुप दे रहे नीतीश कुमार- सूरज जायसवाल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।14 अप्रैल अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में अंबेडकर चौक पर अंबेडकर जी की मूर्ति पर करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने कहा कि आज का दिन बहुत महान है आज उसे व्यक्तित्व का जन्म दिवस है जिसके कारण आज भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है और यह अंबेडकर जी का ही प्रयास था कि आज विश्व में सबसे सुंदर संविधान अगर कहीं बना है तो वह भारत का संविधान है और इस संविधान में दलित पिछड़े शोषित वर्ग के लोगों को किस प्रकार सामाजिक न्याय और सम्मान मिल सके इसकी पूरी व्यवस्था की गई है आज देश में सिर्फ बिहार रखिए कैसा राज है जहां नीतीश जी के नेतृत्व में सरकार सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय जो की अंबेडकर जी का सपना था उसे पूरा किया जा रहा है आजादी के बाद पहली बार देश में किसी राज्य ने जाति गणना के माध्यम से दलित शोषित वर्ग की संख्या की पहचान करके उन्हें सामाजिक न्याय दिलवाने का काम किया जा रहा है मध्य प्रदेश में जनता दल यू का यह संकल्प है की अंबेडकर जी के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है और जिस प्रकार जाजीव के राष्ट्रीय अध्यक्ष की परिकल्पना है सामाजिक न्याय की मध्य प्रदेश में भी लागू हो उसके लिए संघर्ष जारी रहेगा इस अवसर पर जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक बेन नेवी अपने विचार में कहा की अंबेडकर की बनाई संविधान और अधिकार को कोई भी ठेस नहीं पहुंचा सकता एडवोकेट राम गिरीश वर्मा संतोष नेमा सुभाष जायसवाल इमाम खान मोहन दुबे विनोद पटेल शादी में अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



## स्वर्गीय वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरुकता शिविर में 100 से अधिक लोगों को मिला लाभ

**न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, माननीय उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने किया शिविर का शुभारंभ**

जबलपुर। स्वर्गीय श्री वाय.एस. धर्माधिकारी वार्षिक विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर मानस भवन के सामने, पटेरिया कंपाउंड में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रविवार को सुबह 11 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, माननीय उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने किया। इस अवसर पर श्री वरुण तंखा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी, कन्वेनियर एडवोकेट शिवेंद्र पांडेय, डॉक्टर अमरेन्द्र पांडेय, एडवोकेट श्रेयस धर्माधिकारी, रामेन्द्र करसोलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डी.एम. धर्माधिकारी, माननीय उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे अंतिम पंक्ति के उन लोगों को लाभ मिलेगा जो विधि सलाह न मिल पाने से भटकते रहते हैं।


रोटरी क्लब के अध्यक्ष सार्थक सेठी व एडवोकेट शिवेंद्र पाण्डेय ने बताया निशुल्क विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर में 150 से अधिक लोगों को अधिवक्ताओं द्वारा नि:शुल्क विधि परामर्श दिया गया। शिविर में श्रीराम कालेज के 20 छात्रों ने अपना सहयोग दिया।

## मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ की 2025-27 की केन्द्रीय कार्यकारणी का शपथग्रहण समारोह अभियंता कार्यालय संघ शेड नंबर 13 में सम्पन्न हुआ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ की 2025-27 की केन्द्रीय कार्यकारणी का शपथग्रहण समारोह अभियंता कार्यालय संघ शेड नंबर 13 में सम्पन्न हुआ । इं. हितेश तिवारी-अध्यक्ष, इं. विकास कुमार शुक्ला-महासचिव एवं इं. इकबाल खान-वित?त सचिव पद के लिए एवं संजीव सिंह , इं. अंजू नीखरे, इं. नेहा सिंह, इं. विकास श्रीवास्तव, जितेन्द्र तिवारी, विवेक दिवेदी, प्रफुल्ल नरवरे एवं इं. संदीप सुनरया सहित निर्वाचित सदस्यों ने केन?द्रीय कार्यकारणी सदस्य के रूप सपथ ग्रहण किया । मुख्यचुनाव अधिकारी नितिन सोनी और चुनाव अधिकारी पुनीत तिवारी द्वारा समस्त पदाधिकारियों को सपथ दिलाया गया

शपथग्रहण समोराह में इं. हितेश तिवारी, अध?यक्ष एवं इं. विकास कुमार शुक्ला महासचिव द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि इस समय पूरे देश का पावर सेक्टर बहुत विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा है, जैसा कि निजीकरण को बढावा देने के लिए केन?द्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा दुर्भाग्यपूर्ण है । उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के उर्जा विभागों का निजीकरण करने का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा ले लिया गया। जिसका पूरे देश में विरोध हो रहा है, हमें भी संगठित होकर इसका पुरजोर विरोध करना है। नए केन?द्रीय कार्यकारिणी के कार्यकाल में विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का विरोध, टीबीसीबी प्रणाली का विरोध, ओ-3 स?टार का पूर्ण विलोपन , मध्य प्रदेश में कार्य कर रहे अधिकारी एवं कर्मचारी के पेंशन की सुनिश्चतता, सेवानिवृत अधिकारियो की भर्ती का विरोध, समस्त कर्मचारियों हेतु 50त्न प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी रिबेट, फ्रिंज बेनिफिट सातवे वेतमान अनुसार देने मांग की जाएगी, वेज रिविजन विसंगतियों का विरोध, समस्त कर्मियों हेतु सोलर रूफ टॉप की सुविधा एवं अन्य मुद्दों को हल करने के लिये हम सभी को संगठित होकर, आगे बढकर, तब तक लड़ाई लड़नी होगी, जब तक हम सभी मुददों को हल नहीं करा लेते । अध?यक्ष एवं महासचिव महोदय द्वारा सभी को आगे एकजूट होकर संगठन हित में कार्य करने हेतु आवहान किया गया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में रात्रि मोतीलाल काछी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ियादो जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है वह एवं उसका भाई बब्लू काछी एवं साथ में काम करने वाले मंगल अहिरवार, रूबीना बानो, आमिर खान, राजा खान के साथ गेहू की कटाई करने दमोह से ग्राम पड़रिया आये थे ग्राम पड़रिया से काम करने के बाद बब्लू काछी एवं मंगल अहिरवार हनुमान जयंती का कटंगी में जुलुस देखने के लिये

मुफ्ती-ए-आज़म ने कहा- विरासत को बचाने संघर्ष रहेगा जारी - उलेमा-ए-इकराम की कयादत में हुआ विरोध प्रदर्शन

# वक्फ़ संशोधन बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों मुस्लिम






जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। चिलचिलाती धूप..गर्म हवाओं के झोंके..लेकिन हौसलों ने किसी दुश्वारी की परवाह नहीं की..जहां तक नज़र दौड़ाओ, वहां तक लोगों का भारी जन सैलाब नज़र आया.... यह नज़ारा था मध्यप्रदेश में जबलपुर जिले का. जहाँ अशफ़ाक उल्ला वार्ड के मण्डी मदार टेकरी मैदान में लोग वक्फ़ संशोधन बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जमा हुए ...मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर मुहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी की कयादत में हुए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान लोग हाथों में तख्तियां लिए थे जिनमें वक्फ बिल के खिलाफ नारे लिखे थे.इस मौके पर मुफ्ती ए आज़म ने कहा केन्द्र सरकार को हर हाल में वक्फ संशोधन बिल को वापस लेना होगा. यह बिल सिर्फ हमें परेशान करने के लिए है.वरिष्ठ कांग्रेस नेता समाजसेवी हाजी मुहम्मद कदीर सोनी, कांग्रेस के सीनियर लीडर हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान ने भी लोगों को खिताब करते हुए कहा कि हमें वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एकजुट होकर आगे आना होगा.

वक्फ बिल के खिलाफ हुए इस विरोध प्रदर्शन की खास बात यह रही कि इसमें बड़ी तादाद में उलेमा ए इकराम और मस्जिदों के इमाम शामिल हुए. काज़ी ए शरआ मुफ्ती नईम अख्तर मिस्बाही , मुफ्ती अकबर मिस्बाही, मुफ्ती अब्दुल रहमान , मुफ्ती अब्दुल फ़रीद, मुफ्ती मुहम्मद फैजान, मौलाना ज़िया उर रज़ा चांद कादरी और मौलाना महताब आलम, मौलाना मुबारक हूसैन आदि ने भी लोगों को ख़िताब करते हुए वक्फ संशोधन बिल को मुस्लिमों को टार्गेट करने वाला बताया. नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, सरदार सूफी हाजी अब्दुल हकीम बाबा, सरदार अमीन कुरैशी, हाजी मकबूल अहमद रज़्वी, अकबर खान , पप्पू वसीम खान, ताहिर खान , अशरफ मंसूरी , शाकिर हुसैन कुरैशी, पार्षद गुलाम हुसैन , पार्षद याकूब अंसारी , पार्षद वकील अंसारी , पार्षद अख्तर अंसारी , पार्षद शफीक हीरा , पार्षद नबी अहमद गुड्डू , पार्षद कलीम खान , पार्षद सरफराज खान , पार्षद मतीन अहमद , सांसद प्रतिनिधि सैय्यद ताहिर अली, गुड्डू राईन , एड. बहार अंसारी, एड. जानी खान, एड. रिज़्वान खान, हाजी सलीम खान , आज़म अली खान , एडवोकेट सलीम खान , तौसीफ़ सोनी, निहाल मंसूरी, नायब कुरैशी, आबिद मंसूरी, मुज़फ़्फ़र सोनी, हाजी इस्लाम सोनी, हाजी इस्लाम कुरैशी, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, आरिफ़ हसन सिद्दीकी , परवेज़ अख्तर, मज़हर उस्मानी , आसिफ इक़बाल , तौसीफ चंकी, हारून खान , मुन्ना बाबू कुरैशी, चांद कुरैशी, शादाब अंसारी, टीपू राईन, अनीस कुरैशी, मोहसिन रज़ा, सैय्यद मुख्तार अली, शमीम अंसारी शम्मू सहित कई गणमान्य नागरिक प्रदर्शन में शामिल हुए.प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों ने कहा वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के हितों पर कुठाराघात है. इस बिल को लाने की कोई ज़रूरत नहीं थी. करीब सवा घण्टे की चिलचिलाती धूप के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली. तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदा बांदी हुई लेकिन इससे लोगों के हौसलों पर कोई फर्क नही पड़ा. प्रदर्शन में टोलियों की तरह आए आए युवा हाथों में काले झण्डे लेकर वक्फ बिल के खिलाफ नारेबाजी करते रहे.मौसम बदलने के बाद बिजली भी गुल हो गयी जिससे मुफ्ती ए आज़म लोगों को खिताब नहीं कर सके. लेकिन मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को लेकर जबरदस्त नाराज़गी ज़ाहिर की. उन्होंनेकहा कि बुज़ुर्गों से मिली विरासत को बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा.

**प्रदर्शन स्थल से राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

प्रदर्शन की समाप्ति पर संयुक्त कलेक्टर ऋशभ जैन मंच पर पहुँचे जिन्हें राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर वक्फ बिल वापस लिए जाने की मांग की गयी. लम्बे अर्से बाद किसी मुद्दे को लेकर हजारों की तादाद में मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरे हैं. इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा. इतनी ज़बरदस्त भीड़ के बावजूद प्रदर्शन शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद जिला और पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली.

# शिक्षक ने शादी का वादा कर बनाए यौन संबंध, पीड़िता के पूछने पर दी मारने की धमकी; मामला दर्ज

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। इंटरनेट मीडिया पर कोचिंग चैनल चलाकर ऑनलाइन गणित की स्टडी कराने वाले बिहार की राजधानी पटना के शिक्षक विकास कुमार पर जबलपुर की एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती के अनुसार सोशल मीडिया से जान-पहचान के बाद शिक्षक जबलपुर आया। एक होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने शनिवार रात सिविल लाइंस थाना में एफआइआर दर्ज कराई है।

27 वर्षीय युवती प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। वह गणित में कमजोर थी। उसने इंटरनेट मीडिया पर पटना के एक शिक्षक का वीडियो देखा, जिसमें गणित को सरल तरीके से हल करने के तरीके थे। वीडियो से वह प्रभावित हुई। शिक्षक के गणित के वीडियो वह लगातार देखने लगी। वह लगभग दो वर्ष से शिक्षक के वीडियो देख रही थी।

इस दौरान युवती ने शिक्षक विकास कुमार के सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो किया। धीरे-धीरे उनके बीच चैट होने लगी। दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल फोन नंबर आपस में साझा किया। पढ़ाई की बात करते-करते उनकी आपस में अच्छी मित्रता हो गई।

युवती के अनुसार आरोपी शिक्षक 12 मार्च को पटना से ट्रेन से जबलपुर पहुंचा। वह मुख्य स्टेशन के पास होटल लवली-इन में रुका। यहां उसने युवती को मिलने के लिए कमरे में बुलाया। युवती घरवालों से छिपकर शिक्षक से मिलने होटल पहुंची। मौका पाकर शिक्षक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

युवती के विरोध करने पर उसे प्यार का झांसा देकर शीघ्र विवाह करने का वादा किया। आरोपी के झांसे में आई युवती लोकलज्जा के भय से चुपचाप रही। उसके पटना लौटे शिक्षक से विवाह के लिए पूछा। इस पर आरोपी उसे फोन पर धमकी देने लगा।

प्रभावशाली लोगों से जान-पहचान होने की धौंस दी। उसे बदनाम करने व परिजन की हत्या करवाने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। युवती ने परिजन को घटना की जानकारी और सिविल लाइंस थाने जाकर एफआइआर दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पटना पुलिस से संपर्क किया है।

# जबरदस्ती जहर पिलाने वाले आरोपी पति, सास एवं देवर के विरुद्ध हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज, आरोपियों की तलाश

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझौली में को श्रीमती अनीता पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी बम्होरी द्वारा किसी जहरीली वस्तु का सेवन करने से इलाज हेतु शासकीय अस्पताल मझौली लाये जाने एवं अग्रिम इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज रेफर करने की सूचना पर मेडिकल कॉलेज पहुँची पुलिस को श्रीमती अनीता पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बम्होरी के कथन लिये गये। श्रीमती अनीता पटैल ने बताया कि वह ग्राम बम्होरी में अपने पति जयकुमार, सास इलायची बाई, ससुर हरप्रसाद, देवर रवि, देवरानी सीता एवं देवरानी के बच्चों के साथ रहती है वह एवं उसकी देवरानी घरेलू कामकाज करते हैं देवर और पति खेती करते हैं जयकुमार के साथ उसकी दूसरी शादी है जो 7-8 वर्ष पहले हुयी थी उसकी पहली शादी पनागर अन्तर्गत ग्राम मोहला झिर निवासी कमलेश पटैल से हुयी थी जिससे उसे एक बेटी है पति से विवाद के चलते बेटी लगभग ढाई वर्ष की थी कोर्ट से तलाक हो गया था लगभग 4-5 वर्ष अपने मायके में रही जिसके बाद जयकुमार से शादी हो गयी थी, पति जयकुमार उसके आये दिन गाली गलौज कर झगड़ा करता है मना करने पर घर से भगाता है, जयकुमार ने उसके नाम का बीमा जीजा पेंटर पटैल से कराया था उसके जीजा ने सहारा कम्पनी में बीमा का पैसा जमा किया है सहारा कम्पनी बंद हो गयी है इसलिये पति उससे बार बार दबाव बनाता है कि तुम अपनी बहन और जीजा पेंटर पटैल से बीमा के रूपये लेकर आओ। दिनांक 10-4-25 को सुबह लगभग 11 बजे उसका पति उसके साथ गाली गलौज करते हुये बहन से

# आई.पी.एल. क्रिकेट का सट्टा खिलाते 3 सटोरिये गिरफ्तार

नगद 7 हजार 300 रूपये, 6 मोबाईल, 1 एल.ई.डी. टीव्ही, केलकुलेटर, जप्त

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढोताल में रात्रि में क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि रायना इन होटल में कुछ लोग किराये का कमरा लेकर आईपीएल क्रिकेट मैच में मुम्बई इंडियन एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे है मैच में आनलाईन आईडी लेकर इलेक्ट्रानिक उपकरण के जरिये क्रिकेट के स्कोर, टीम की हार जीत, पर रूपये पैसे का दाव लगाकर जीत हार का फैसला कर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देते हुये रायना इन होटल के मैनेजर के सहयोग से होटल के कमरा नम्बर 106 को खुलवाया कमरे के अंदर तीन व्यक्ति टीव्ही पर मुम्बई इंडियन एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे मैच में आईपीएल की सट्टा आईडी से फोन पर ग्राहकों से क्रिकेट के स्कोर पर टीम की हारजीत, रन , बॉल पर रूपये का दाव लगवा रहे थे पूछताछ पर तीनों ने अपने नाम विशाल सराफ उम्र 43 वर्ष निवासी त्रिपाठी बिल्डिंग मस्ताना चौक रांझी, वीरू दुबे उम्र 33 वर्ष निवासी शारदा नगर रांझी , अंकित मेहरा उम्र 31 वर्ष निवासी रक्षा कालोनी रांझी बताये मुख्य आरोपी विशाल सराफ ससचंदमससमगबीण्बवउ बेवसाईट पर कमउव1515 आईड, पिअ19 आईडी से लाईन लेकर ग्राहकों से मोबाइल

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में रात्रि में दीपक कुमार तिवारी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रिछाई शारदा मंदिर के पास बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 6 बजे अपने परिवार के साथ मार्केट जबलपुर गया था रात लगभग 11 बजे परिवार के साथ घर वापस आया घर के बाहर के गेट पर ताला लगा था एवं घर के सामने वाले दरवाजे का ताला टूटा था

# निर्धन कन्या का विवाह एवं सिलाई मशीनों का वितरण




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। साहू विचार संदेश विगत 27 वर्षों से निस्वार्थ समाज सेवा के माध्यम से समाज की निर्धन महिलाओं को सम्मान के साथ स्वरोजगार देने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का वितरण किया इसी कार्यक्रम में समाज की निर्धन कन्या कुमारी साक्षी साहू संग विशाल साहू का विवाह भी स्वजातीय बंधुओ की उपस्थिति में एम जी जी पैलेस दमोह नाका में किया गया ।

कार्यक्रम में श्री प्रभात साहू पूर्व महापौर, श्री रवीकरण साहू कैबिनेट मंत्री के मुख्य अतिथि एवं श्री सुधीर साहू सचिव साहू वैश्य नगर सभा की अध्यक्षता एवं श्री कैलाश साहू, श्रीमती आभा साहू ,श्रीमती रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद , श्रीमती रजनी कैलाश साहू एमआईसी सदस्य, राधेश्याम साहू, वीरेंद्र साहू प्रकाश साहू कोठी वाले, राधेश्याम साहू इत्र वाले, एडवोकेट अर्जुन साहूआदि के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ में साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ किया ।संपादक राजेंद्र साहू ने बताया कि समाज की निर्धन महिलाओं को सम्मान के साथ जीवन यापन करने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का वितरण किया । इसी अवसर पर श्रेष्ठ लेखक को का सम्मान वरिष्ठ समाज सेवी साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय श्री प्रेमलाल जी साहू की स्मृति में निराला स्मृति सम्मान से किया गया वा श्री हीरालाल जी साहू की स्मृति में छात्र-छात्रा का सम्मान स्वर्गीय श्री हीरालाल जी साहू की स्मृति में किया गया । समाज सेवायों का सम्मान भी किया गया ।कार्यक्रम में राजेंद्र साहू, राजू कोठी वाले ,संजय कोठी वाले , पियूष सोन,नीरज साहू , अनिल साहू,आदि अनेक स्वजातीय बंधुओ की उपस्थिति रही ।

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मोची दादा किशन जाटव को अंग वस्त्र भेंट कर जरूरतमंद सामग्री प्रदान की

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक पर भोजन वितरण





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल चौक पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल के द्वारा 500 लोगों को भोजन वितरण किया । साथ ही चौक के समीप स्थित एक छोटी सी दुकान में मोची का काम करते हुए श्री किशन जाटव जी को अंग वस्त्र शॉल श्रीफल से सम्मान किया साथ ही जरूरतमंद सामग्री प्रदान की इस अवसर श्री अग्रवाल ने कहा डॉक्टर अंबेडकर ने भारत के संविधान को लिखा जब तक सूरज चांद रहेगा उनका नाम लोगों की जुबान पर रहेगा । उनके द्वारा लिखा गया विश्व का सबसे बड़ा भारत का संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है। इस अवसर पर साथ में प्रहलाद मूलचंदानी , बी डी पटेल, लखन दुबे,विष्णु राणा, रोहित धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

# दमोह मिशन अस्पताल कांड के आरोपी डॉक्टर की जमानत खारिज, 17 अप्रेल तक बढ़ी रिमांड अवधि



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। दमोह स्थित मिशन अस्पताल में हुई सात मौत के मामले में आरोपी फर्जी डाक्टर नरेन्द्र यादव उर्फ एन जॉन केम की पुलिस रिमांड 17 अप्रेल तक बढ़ा दी गई है. वहीं कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है. आरोपी पक्ष के अधिवक्ता सचिन नायक का कहना है कि उन्होने अपने पक्षकार की जमानत के लिए आवेदन दिया था. इसके साथ ही रिमांड अवधि बढ़ाए जाने पर आपत्ति की थी, लेकिन न्यायाधीश ने उनकी दलील को नहीं माना. अब मामले में एसआईटी पूछताछ के बाद 17 अप्रेल को आरोपी डाक्टर को न्यायालय में पेश किया जाएगा. दूसरी ओर शासन की ओर से पैरवी कर रहे एडीपीओ संजय रावत ने बताया कि उन्होने न्यायालय से मांग की थी कि आरोपी डाक्टर की रिमांड अवधि बढ़ाई जाए ताकि पुलिस व एसआईटी पूछताछ कर सके. गौरतलब है कि ये मामला अब राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंर्तराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है. क्योकि अन्य जगह भी डाक्टर के होने की बात सामने आई है, जिसके चलते अब इन सारी जगहों से भी साक्ष्य जुटाने के प्रयास शुरु कर दिए गए है. कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता के तर्क से सहमत होते हुए रिमांड अवधि बढ़ा दी है. खबर है कि कृष्णा पटेल नाम के व्यक्ति ने हार्ट सर्जरी के नाम पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए शिकायत मानव अधिकार आयोग से की थी. उन्होंने ऑपरेशन करने वाले डॉ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम की शिकायत में ये भी कहा है कि उनकी पहचान भी फर्जी है. उसके आधार कार्ड पर भी जर्मनी के डॉक्टर के पिता का नाम और पता लिखा है. इसके बाद डाक्टर के फर्जी होने की बात सामने आई और परत दर परत हकीकत सामने आने लगी.

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा माल्यार्पण व संकल्प कार्यक्रम संपन्न





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय एवं समता के महान पुरोधा, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर आज दिनांक 14 अप्रैल 2025 को नगर कांग्रेस कमेटी एवं अनुसूचित जाति विभाग (पूर्व विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस परिवार) द्वारा अम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने देश व संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया तथा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदरणीय श्री लखन घनघोरिया जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सौरभ 'नाटी' शर्मा जी ने की। विशेष उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि संजय अहिरवार, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, स्ट विभाग अध्यक्ष रवि सैलानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक चंदेल, वरिष्ठ नेता विजय पसेरिया, एड. पवन मोगरे, विकास संतु, प्रकाश खरे, एड. अजय चक्रवर्ती, एड. विनोद बेन, नितिन चीत्कार, रिंकू यादव, शैलेन्द्र कुंडे, अचलनाथ चौधरी, सोनू बेन, धनराज चक्रवर्ती, यश घनघोरिया सहित अनेक वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान एवं सामाजिक समरसता की दिशा में उनके कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर कांग्रेस कमेटी जबलपुर एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा इस सफल आयोजन में सहभागी बने सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999